RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 176 | ग्वालियर गुरुवार 6 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# आस्था की डुबकी लगाकर पीएम मोदी ने दिया एकता का संदेश

## महाकुम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी श्रद्धा के साथ किया त्रिवेणी संगम में स्नान, पीएम मोदी की मौजूदगी में भी संगम घाटों पर चलता रहा श्रद्धालुओं का स्नान

**(दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव)**







**महाकुम्भ नगर, 05 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

**विधिवत किया पूजन अर्चन :** त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए।

**विशेष योग में किया स्नान :** महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

प्रयागराज पहुंचने पर सीएम योगी ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के विषय में सीएम योगी से जानकारी लेते हुए भी दिखाई दिए। बोट से भ्रमण के दौरान पीएम ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया।

**पीएम की मौजूदगी में भी चलता रहा श्रद्धालुओं का स्नान :** प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे। पीएम मोदी के आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इससे श्रद्धालु भी प्रसन्न नजर आए और संगम तट पर लाखों लोगों की मौजूदगी में हर हर गंगे और मोदी-मोदी के जयकारे गुंजायमान होते रहे। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुम्भ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

**13 दिसंबर को पीएम मोदी ने की थी कई परियोजनाओं की शुरुआत :** इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुम्भ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं सम्मिलित थीं। इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया था। यही नहीं, पीएम मोदी ने अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, भारद्वाज ऋषि आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया था। इन परियोजनाओं और कॉरिडोर के शुभारंभ का उद्देश्य न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ के अनुभव को यादगार बनाना था, बल्कि तीर्थराज प्रयागराज को प्रगति की नई दिशा दिखाना भी था।

# कपड़ा मंत्री पाटिल ने सिमसिम एनएक्स की ग्रैंड ओपनिंग की

## -लार्जेस्ट इनरवियर शोरूम के शुभारंभ पर अनेक लोग रहें मौजूद

**डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो**



**बेंगलूरु।** महानगर के हृदय स्थल एवेन्यू रोड क्रॉस, हुरियोपेट में कर्नाटक के लार्जेस्ट इनरवियर के एक और नए विशाल शोरूम सिम सिम एनएक्स का भव्य शुभारंभ यहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि कर्नाटक सरकार के कपड़ा मंत्री शिवानंद एस. पाटिल ने शिरकत की। इसके अलावा माइनॉरिटी अफेयर्स बेंगलूरु के प्रिंसिपल सेक्रेटरी आईएएस मोनाज जैन, जेडआरयूसीसी सदस्य महेंद्र सिंघी, आईजीआई के चेयरमैन डॉ डी. मुनिराजू, संयुक्त आयुक्त आईपीएस कुलदीप आर जैन, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस एमएन करीबसवन्ना गौड़ा और समाजसेवी महेन्द्र मुणोत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सिम सिम एनएक्स के प्रबंध निदेशक अश्विन सेमलानी ने सभी का स्वागत, सत्कार एवं अभिनंदन करते हुए आभार जताया। इस शोरूम में किड्स, लेडिज, जेंट्स सहित सभी उम्र, वर्ग के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रांडेड फैशनेबल इनर वियर उत्पाद की किफायती दरों पर उपलब्धता रहेगी। अश्विन सेमलानी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में बेंगलूरु के अलावा चेन्नई, राजस्थान, तमिलनाडु आदि क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे और सिम सिम एनएक्स के नए शो रूम की भव्य ग्रैंड ओपनिंग पर आशीर्वाद, शुभकामनाएं प्रदान की। मंत्री पाटिल ने अश्विन सेमलानी के मृदु व्यवहार, शालीनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी प्रोग्रेस करने वाले व्यापारी व्यक्ति की उन्नति में कर्म के प्रति समर्पण, लगन, अपने कस्टमर्स या परिचितों के साथ व्यवहारशीलता जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी हार्दिक शुभकामना है कि निश्चित ही सिम सिम के नए शोरूम के शुभारंभ से अश्विन सेमलानी को प्रगति पथ की उड़ान के नए पंख लगेंगे।

# बीजेएस व कैंसर क्रूसेडर्स द्वारा प्रेरणादायक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## वर्ल्ड कैंसर डे पर किडवाई हॉस्पिटल में सैकड़ों लोगों को फल, भोजन भी वितरित किया

**डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो**




**बेंगलूरु।** कैंसर जागरूकता व इस बीमारी से प्रभावित लोगों के समर्थन के लिए, भारतीय जैन संगठना (बीजेएस) बेंगलूरु क्षेत्र ने किडवाई हॉस्पिटल में 卐कैंसर क्रूसेडर्स卐 नामक फाउंडेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज के स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं स्वयंसेवक एक मंच पर आए और कैंसर के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई। कार्यक्रम में मार्गदर्शक बाबूलाल मेहता, अध्यक्ष सुरेश कनुंगा, महासचिव आशिष भंसाली, रेनू रांका, सुनीता मार्लेचा, पुष्पा लुंकड़, मधु तातेड, सुशील कसवा, विनोद कोठारी, पदम लुंकड़, गौरव संखलेचा, यश बाफना

एवं प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रही। सेवाभावी इन समर्पित सदस्यों ने कैंसर की रोकथाम, समय पर निदान और मरीजों तथा उनके परिवारों के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जानकारी मधु तातेड़ ने दी। उन्होंने बताया कि बीजेएस के बेंगलूरु क्षेत्र ने पांच कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के तहत न केवल सूचना सत्रों और चर्चाओं का आयोजन किया, बल्कि एक अत्यंत सहानुभूतिपूर्ण कदम के रूप में कैंसर से जूझ रहे 400 से अधिक जरूरतमंद लोगों के लिए फल एवं भोजन भी वितरित किये। इस पहल ने न केवल शारीरिक पोषण प्रदान किया बल्कि उन लोगों को सहारा और संवेदना का संदेश भी पहुंचाया, जो इस कठिन दौर से गुजर रहे हैं। आयोजन से जुड़ी मधु तातेड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम ने समाज में स्वास्थ्य संबंधी पहलों में सामुदायिक भागीदारी के महत्व को पुनः स्थापित किया। भारतीय जैन संगठना बेंगलूरु क्षेत्र द्वारा कैंसर जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी का आदान-प्रदान तो किया ही गया, साथ ही एकजुटता और मानवता की मिसाल भी पेश की गई। मधु तातेड़ के मुताबिक आगे के कार्यक्रमों एवं जानकारी के लिए, बीजेएस के पदाधिकारियों से संपर्क किया सकता है। इस प्रकार, कैंसर क्रूसेडर्स के समर्पण से यह संदेश जाता है कि कैंसर जैसी बीमारी का सामना अकेले नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि समाज के एकजुट प्रयास से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

## श्री गणेशाय नम :



दि.04 फरवरी 2025 मंगलवार को श्री देवनारायण जयंती गुर्जर वंशे। दि.05 फरवरी बुधवार को गुप्त नवरात्रि श्री दुर्गाष्टमी व्रत रात्रि जागरण। दि.08 फरवरी शनिवार को जया एकादशी व्रत सर्वेषां-सबका। दि.10 फरवरी सोमवार को सोम प्रदोष व्रत। दि.12 फरवरी बुधवार को माघ पूर्णिमा व्रत एवं कुंभ प्रयागराज मकर स्नान पर्व पूर्ण और कुंभ संक्रांति प्रारम्भ। पण्डित रामखिलावन ज्योतिषाचार्य छरैंटा-खरौआ गोहद भिण्ड मध्य प्रदेश भारत। मो.9617927811,9300824710

# सपेरा समाज की महा पंचायत 6 फरवरी को धरना प्रदर्शन

**दीवान सिंह सिकरवार ( आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र )**

**आगरा-** आगरा के समीप गांव में सपेरा समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी न होने पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौ पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज सिंह सिकरवार जी ने सभी सपेरा समाज को एकत्रित कर 6 फरवरी को होने वाले प्रदर्शन पर चर्चा की ,शहर में जहां सभी राजनीतिक दल उठाया है असल में देखा जाए तो सपेरा समाज की समस्या कोई आम समस्या नहीं है सपेरा समाज के लोगों में उनके बच्चे अच्छी शिक्षा लेकर भी बेरोजगार है इसका कारण है कि किसी भी सरकारी नौकरी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है कि जाति प्रमाण पत्र चाहिए लेकिन सपेरा समाज के पास कोई जाति प्रमाण पत्र नहीं है सरकार के तरफ से पहले उन्हें कंजड़ जाति का प्रमाण पत्र दिया गया था जिसे अब सरकार ने रद्द कर दिया है अभी की स्थिति में उनके पास कोई जाति प्रमाण पत्र नहीं है सपेरा समाज के समर्थन में कई बार भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज ने कई आला अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर लगाए और आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है बस दिया गया तो आश्वासन लेकिन प्रमाण पत्र नहीं , इसी बात से नाराज सपेरा समाज 6 फरवरी को जिलाधिकारी महोदय के दफ्तर को घेरकर अपनी बात रखेगा 7 इसमें भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज ने बढ़चढकर हिस्सा लिया है और भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौ पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि जबतक सरकार सपेरा समाज को जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करेगी तब तक मेरी लड़ाई इसी प्रकार जारी रहेगी

# जिलाधिकारी की अपील: खरीदारी पर अनिवार्य रूप से लें बिल

### बिल प्राप्त करना उपभोक्ताओं का अधिकार : मनीष बंसल

### सभी व्यापारी सुनिश्चित करें बिल जारी करना : जिलाधिकारी

### बिल न देने पर उपभोक्ता दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों जाती राम**



सहारनपुर- जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने जनपद के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी प्रत्येक खरीदारी पर विक्रेता से बिल अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता यह कहकर भ्रमित करता है कि बिल लेने पर अतिरिक्त जीएसटी देना होगा, तो यह गलत जानकारी है। पक्का बिल लेना उपभोक्ताओं का अधिकार है और इसका वस्तु की कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टीकर लगाए हैं, जिनमें लिखा है अपनी खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है। इससे कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता। यदि कोई विक्रेता बिल जारी नहीं करता, तो उपभोक्ता व्हाट्सएप नंबर 7235001729 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# वृक्षों के टैटू बनाकर पर्यावरण सैनिक नीता ने मनाया जन्मदिन

### हरियाली बढ़ाने का दिया संदेश,बच्चे ही भावी राष्ट्र निर्माता है-नीता वर्मा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**



**सिद्धौर** बाराबंकी। धरती पर हरियाली बढ़ाने हेतु ग्रीन गैंग से जुड़े पर्यावरण सैनिक लगातार जन-प्रेरणा का उपक्रम करते रहते हैं। पर्यावरण सैनिक नीता वर्मा ने भी अपने 30वें जन्मदिवस पर कुछ ऐसा ही नायाब किया है।ग्रीन गैंग महिला विंग की समन्वयक सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम डिघावां निवासी नीता वर्मा ग्रीन गैंग के गठन से ही जुड़कर धरती पर हरियाली बढ़ाने की मुहिम में कार्य कर रही हैं। इनकी संलग्नता व लक्ष्य के लिए समर्पण को देखकर संचालक मंडल की संस्तुति पर इन्हें महिला विंग का समन्वयक नामित किया। ग्रीन गैंग की स्थापना के समय जब संस्थापक प्रदीप सारंग ने सार्वजनिक रूप से अपने बाल हरे रँगवाये तो नीता की प्रेरणा से उपस्थित सभी ने विशेष कर महिलाओं बालिकाओं ने हरे टैटू गालों और हाथों में बनवाये थे।मंगलवार को अपने 30वें जन्मदिवस पर भावी पीढ़ी के दिल दिमाग मे हरियाली की पसन्दगी का वातावरण बनाने के उद्देश्य से नीता वर्मा ने पोस्टर कलर लेकर पड़ोस के एक स्कूल जाती हैं और छोटे छोटे बच्चों को उपहार देते हुए उनसे ढेर सारी बातें करती हैं और उनके गालों व हथेलियों पर हरे रंग से वृक्ष के टैटू बनाती हैं।बच्चों को हरियाली की महत्ता पर जानकारी देते हुए आसपास पौधे लगाकर बचाने की प्रेरणा भी देती हैं।नीता ने बच्चों से बात करते हुए कहा कि बच्चे ही भावी राष्ट्र निर्माता हैं,जैसी इनकी सोच होगी वैसा ही भविष्य का भारत बनेगा।इस अवसर पर ग्रीन गैंग संस्थापक प्रदीप सारंग,आंखें फाउंडेशन अध्यक्ष सदानंद वर्मा, ग्रीन गैंग अध्यक्ष एड रजत बहादुर वर्मा,संचालक मण्डल सदस्य रमेश चंद्र रावत,संचालक मण्डल सदस्य अब्दुल खालिक, कुलदीप, आकांक्षा वर्मा, काजल वर्मा,रीता वर्मा,प्रीति वर्मा,सरिता देवी,गुलजार बानो,सुलोचना यादव,सहित अनेक पर्यावरण सैनिकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का हुआ समापन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री रोहित दुबे, विभाग प्रमुख शिवराज शर्मा ,विभाग संगठन मंत्री रुस्तम सिंह लोधी ,प्रांत सह मंत्री व विभाग संयोजक सत्यादित्य तोमर ने अंबाह में वर्ग शुभारंभ किया । इस अवसर मुरैना व भिण्ड की सभी इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की । वर्ग में विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषयों का प्रतिपादन किया गया जिससे कार्यकर्ताओं की वैचारिक स्पष्टता के लिए । प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे ने अभाविप सैद्धांतिक भूमिका सत्र लिया । जिसमें प्राचीन भारत हमारा गौरवशाली व समृद्धशाली था । राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के ध्येय को लेकर परिषद 9 जुलाई 1949 से कार्य कर रही है सु-संस्कारित छात्र शक्ति खड़ा कर , व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण । राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्य में मूलभूत अवधारणाओं के आधार पर परिषद से कार्य कर रही ही । रचनात्मक दृष्टि कोण , शैक्षणिक परिवार की कल्पना, दलगत राजनीति से ऊपर, छात्र कल का नही आज का नागरिक । ज्ञान ,शील , एकता के मूल मंत्र के साथ छात्र-शक्ति ही राष्ट्र- शक्ति है । विद्यार्थी परिषद की विशिष्ट कार्य पद्धति सामूहिकता, अनामिकता, पारस्परिकता, अनौपचारिकता, इन विशेषताओं के कारण कार्यकर्ता निर्माण होता है ओर वह छात्र हित, सामाज हित ,राष्ट्रहित में कार्य करता है आरएसएस के विभाग प्रचारक धनराज ने पंच परिवर्तन विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण ,कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी ,नागरिक कर्तव्य यह पंच परिवर्तन हमारे आचरण के विषय बनना चाहिए । प्रांत उपाध्यक्ष शिवकुमार पचौरी के द्वारा अचार पद्धति एवं कार्यक्रम नियोजन से कार्यकर्ता निर्माण पर लिया गया विभाग छात्रा प्रमुख साक्षी राजावत द्वारा छात्रा कार्य मिशन साहसी, ऋतुमति अभियानों विस्तृत योजना वर्ग में बनाई गई । फूल नहीं चिंगारी है, यह भारत की नारी है । प्रांत एसएफएस प्रमुख विनीत वर्मा जी के द्वारा परिषद गतिविधि खेलो भारत, राष्ट्रीय कला मंच ,एसएफएस, एसएफडी पर चर्चा की गई । अन्य सत्र प्रमुख प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा लिए गए परिसर कार्य , अचार पद्धति, इकाई की वार्षिक कार्य योजना, आंदोलन ,मीडिया, सोशल मीडिया, प्रेस नोट ज्ञापन, परिषद गीत अभ्यास, प्रतिभा प्रदर्शन हुआ। समारोप सत्र नवीन घोषणा की गई सबलगढ़,जोरा ,अम्बाह ,मेहगांव, लहार भाग संयोजक क्रमशः आयुष गुप्ता, गजेन्द्र धिनोटिया, सोम शर्मा ,सन्तोष गुर्जर, नीलू भारद्वाज वने । श्री गोरेलाल गार्डन में अंबाह में तीन दिवसीय वर्ग नगर अध्यक्ष आरएस राठौर, नगर मंत्री श्यामू शर्मा एवं समस्त अम्बाह कार्यकारिणी व्यवस्थाओं में सहभागिता की ।

# टीएलएम प्रदर्शनी: कार्यशाला का उद्देश्य एक-दूसरे से सीखने, समझने से शिक्षकों में नए कौशल को विकसित करना: नरहरि मिश्रा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

**भितरवार।** टीएलएम के माध्यम से बच्चे को विषय के बारे में समझाने में सरलता रहेगी टीएलएम पद्धति बच्चों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी टीएलएम की मदद से छात्रों को सीखने में काफी मदद मिलेगी।यह बात बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ने बुधवार को बीआरसीसी कार्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय टीएलएम कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान कही। राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर बुधवार को जनपद शिक्षा केन्द्र के 11 जन शिक्षा केन्द्रों से टीचिंग




लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) के श्रेष्ठ मॉडलों को विकास खंड स्तरीय कार्यशाला में शामिल किया गया।टीएलएम कार्यशाला में बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ने बताया कि टीएलएम कार्यशाला में रोचक मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। कक्षा कक्ष में शिक्षण प्रक्रिया को रोचक बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला में प्रदर्शित किए गए टीचिंग लर्निंग मेटेरियल निर्माण की बारीकियों का ध्यान रखा गया। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, पर्यावरण, गणित, विज्ञान संकाय के तैयार मॉडल व टीएमएल की प्रदर्शनी लगाई गई।उन्होंने कहा कि बालक प्रारंभ से ही जिज्ञासु होते हैं। अत: वे अवलोकन, अनुभूति एवं क्रियात्मक गतिविधियों में गहरी रूचि लेते हैं। चार्ट,मॉडल विद्यार्थियों की रूचि को और अधिक जाग्रत करते हैं। आनंददायी शिक्षा की अवधारणा को साकार करते हैं। बेहतर शिक्षक वही होता है जो निरंतर अपने शिक्षण में नवाचारों का समावेश करते हैं तथा विद्यार्थियों को चिंतन मनन के लिए प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर बीएसी ,सीएसी उपस्थित थे।

**कार्यशाला विकासखंड के विद्यालयों में बच्चों को रचनात्मक शिक्षा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी :** विकास खंड स्तरीय मेले में स्कूलों के विषयवार शिक्षकों ने अलग-अलग मॉडल्स तैयार कर बच्चों को शिक्षित करने के बारे में बताया। शिक्षकों द्वारा मॉडल इस प्रकार तैयार किए गए है जिससे बच्चा खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर सके और उसे स्थाई ज्ञान मिल सके अब यह सब शिक्षक उक्त टीएलएम को अपने अपने विद्यालय में अपनाएंगे। इस कार्यशाला में क्रष्ट मुकेश कुमार,राजीव गुप्ता, कौशल किशोर बघेल,वेदपाल परमार,प्रशांत पाठक,बलवंत मांझी, देवेंद्र बघेल,रणवीर सिंह जाट ,अनिल शिवहरे, लक्ष्मीनारायण , भारतभूषण ,प्रियंका मौर्य,सुधा नामदेव सहित एक सैकड़ा शिक्षक सम्मिलित थे।

# भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर ने सबरी माता मंदिर को प्रतिवर्ष 11 लाख रुपए देने की घोषणा की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

**भितरवार।** ग्राम घाटीगांव माता शबरी आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा कार्यक्रम में भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर सम्मलित होकर माता शबरी के दर्शन कर अपने विचार व्यक्त कर माता शबरी मंदिर आश्रम के लिए 11 लाख रुपये प्रतिवर्ष देने की घोषणा की । निश्चित रूप से आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाला आयोजन रहा। यह आयोजन आदिवासी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देगा। *इसके अलावा श्री राठौर ने मेले में दुकानदारों से चर्चा



कर उनकी स्थिति को समझना और झूले का आनंद लिया* यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और सामुदायिक जुड़ाव का भी माध्यम बना एवं शबरी आश्रम पर सहरिया जनसेवा आर्मी के कमांडर और मेजर से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की इस अवसर पर साहब सिंह गुर्जर (विधायक ग्वालियर ग्रामीण)चंचल राठौर (मंडल अध्यक्ष), जसवंत सिंह झाला (जिला पंचायत सदस्य), शिव सिंह गुर्जर (सरपंच), लाला राठौर (पुर्व सरपंच) रेनू आदिवासी (जनपद सदस्य) एवं आदिवासी समाज के कार्यकर्त्ता एव जनसेवक साथी सम्मलित रहें।

## सुख कुटी मंदिर पर माथुर वैश्य महिला मंडल श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन करेगा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पंकज जैन

**अंबाह।** माथुर वैश्य शाखा सभा महिला मंडल एवं युवादल अंबाह द्वारा आज से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ होगा। भागवत कथा की आयोजक कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवत में कथा वाचक, पंडित राकेश शास्त्री वृंदावन धाम वाले होंगे एवं परीक्षित श्रीमती आशा देवी रामकुमार गुप्ता होगी कथा का समय दोपहर 12 बजे से देर शाम हरि इच्छा तक होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा में सात दिवस में भागवत महत्व गोकर्ण व्याख्यान होगा इसके साथ ही परीक्षित जन्म सुखदेव प्राकटय व अजामिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र उद्धार, वामन अवतार और श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला गोवर्धन पूजा 56 भोग का आयोजन होगा।

# भव्य कलश यात्रा के साथ चंबल संभाग की पहली खाटू श्याम कथा हुई प्रारंभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** शहर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय श्री खाटू श्याम कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है यह खाटू श्याम कथा चंबल सम्भाग की पहली खाटू श्याम कथा है कथा 05 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित है कथा का समय- दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक है

**भव्य कलश यात्रा पहाड़ वाली माता मंदिर से निकाली गई :-**

सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि कलियुग के देवता के



रूप में खाटू श्याम को आज देश-दुनियाभर में पूजा जा रहा है. खाटू श्याम को भगवान कृष्ण का चमत्कारी रूप माना जाता है और कहा जाता है कि जो भी बाबा के दरबार में सच्ची श्रद्धा के साथ मनोकामना मांगता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती खाटू श्याम बाबा का असली नाम बर्बरीक है. महाभारत काल के दौरान उनके पिता का नाम घटोत्कच और माता का नाम कामकंटकटा (मोरवी) था. कुरुक्षेत्र में जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध चल रहा था तब बर्बरीक मैदान में उतरे थे. उन्होंने प्रतिज्ञा ली थी कि जो पक्ष कमजोर होगा उसका वह साथ देंगे इसलिए बाबा को हारे का सहारा कहा जाता है। इस अवसर पर कथा आयोजक माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम अध्यक्ष पवन भटनागर चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव,अभय चौधरी,श्रीमती रजनी कुशवाह,धर्मेंद्र कुशवाहा, डॉ राजीव श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, श्रीमती लक्ष्मी भटनागर, श्रीमती सीमा सक्सेना, नीरू भटनागर, प्रदीप भटनागर, साक्षी श्रीवास्तव,शुभम श्रीवास्तव, भावना जालौन,शिव शर्मा ,हरिओम शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# ग्वालियर कालीन जीआई अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** कालीन को नाबार्ड के सहयोग से जीआई टैग प्राप्त हुआ है ग्वालियर में हस्तनिर्मित कालीन बनाने का कार्य कई वर्षों से होता आ रहा है, इस कालीन की यह खासियत है की यह कालीन सिर्फ एक गांठ से बना हुआ होता हे और पुरे कालीन को लूम पर बनाया जाता है। ग्वालियर में लगभग 2000-3000 कारीगर कालीन बनाने का कार्य करते है।

ग्वालियर में सिंगल नोड कालीन बनायीं जाती है जिसका वजन कम होता है देखने में बहुत सुन्दर लगती है यहाँ की कालीन के डिज़ाइन भी बहुत अच्छे बनते है। यहाँ पर वुडन, सिल्क, कॉटन हैंड नॉटेड कालीन, पर्शियन कालीन, त्रिपार कालीन बनाये जाते है। इसी क्रम में ग्वालियर कालीन जीआई अधिकृत 500 से अधिक उपयोगकर्ताओं का पंजीयन कराया गया है जिसमे 500 में से 118 कारीगरों के पंजीयन प्रमाण पत्र आ गए है इन जीआई अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम कालीन पार्क ग्वालियर में रखा गया जिसमे कालीन आर्टिसन को नाबार्ड की जनरल मैनेजर श्रीमती अंविता सुरीन मेम और असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्रीमती अमरपाली कीर मेम और नाबार्ड डीडीएम श्री धर्मेंद्र सिंह ग्वालियर / दतिया के द्वारा प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया और कालीन बनाने वाले कारीगरों और परियोजना की सफलता के लिए संस्था को प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाये दी। ग्वालियर कालीन जीआई अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड जनरल मैनेजर श्रीमती अंविता सुरीन मेम और असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्रीमती अमरपाली कीर मेम एवं नाबार्ड डीडीएम श्री धर्मेंद्र सिंह ग्वालियर / दतिया, असिस्टेंट डायरेक्टर हैंडलूम एंड हेंडीक्राफ्ट श्री के एन. गुप्ता, श्री चंद्रप्रकाश प्रजापति के साथ संस्था अराइज एवम ए-वे फॉउण्डेशन समिति से श्री मनोज सिंह राठौर, श्री प्रमेन्द्र सिंह, श्री रामकुमार शर्मा, एवं संस्था के अन्य सदस्य प्रशांत तोमर, पंकज, कृष्णपाल भदौरिया के साथ 100 से अधिक आर्टिसन उपस्थित रहे।

# एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत पटेटो वैल्यू चेन डेवलपमेंट कार्यक्रम मुरार हुआ संचालित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** नाबार्ड की डी.पी. आर. परियोजना एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत पटेटो वैल्यू चेन डेवलपमेंट कार्यक्रम मुरार विकासखंड जिला ग्वालियर में अराइज एवम ए-वे फॉउण्डेशन समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। परियोजना के अनुसार 10 बीज गांव तैयार किये जा चुके है और 1100 किसानो को अवेयरनेस कार्यक्रम बैठकों के माध्यम से प्रोसेसिंग वाले आलू से सम्बंधित खेती की जानकारी प्रदान की गयी एवं किसानो को 30 प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराये गए। प्रशिक्षण के लिए केंद्रीय आलू अनुसन्धान संस्थान ग्वालियर, कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर, कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर, कृषि अभियांत्रिकी विभाग ग्वालियर, सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इक्यूवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (छ्द्धश्च) ग्वालियर, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्वालियर, सहायक संचालक उद्यान ग्वालियर, पेप्सिको और एस.बी. एग्री के वरिष्ठ वैज्ञानिक से सहयोग लिया गया। जिसमे वरिष्ठ वैज्ञानिको के द्वारा प्रोसेसिंग आलू तैयार करने के लिए आलू की बुबाई करने एवं 110 दिन के बुबाई से लेकर आलू के निकालने तक आलू के रखरखाव पानी का छिड़काव पेस्टीसाइड का छिड़काव एवं विभिन्न



प्रकार की जानकारियां प्रदान की गयी और बताया गया कि किसान अपना आलू का बीज सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकते है।

संस्था द्वारा 1100 किसानो को गांव में ही आलू के बीज उपलब्ध कराये गए, पैकिंग करने का बारदाना दिया गया और उचित मूल्य पर किसानो से आलू की खरीद की गयी। किसानों को आलू की विभिन्न वैराइटी के बीज (चिप्सोना, ज्योति, एल.आर., बादशाह, हिमालनी) दिलवाये गए, जिससे किसानो को जल्दी एवं अधिक लाभ प्राप्त हुआ।

आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना के अंतर्गत नाबार्ड से आयी जनरल मैनेजर श्रीमती अंविता सुरीन मेम और असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्रीमती अमरपाली कीर मेम के द्वारा किसानो से आलू से सम्बंधित जानकारी ली और किसानो से इस परियोजना से जुड़कर लाभ के बारे में पूछा, सभी किसानों ने बताया कि इस परियोजना से जुड़कर उनको बहुत लाभ हुआ है और उन्हें उनकी फसल का बहुत अच्छा दाम प्राप्त हो रहा है इसके बाद नाबार्ड अधिकारीयों द्वारा किसानो के खेतों की विजिट की। विजिट के दौरान ग्राम उटीला, विकासखंड मुरार जिला ग्वालियर में नाबार्ड से आयी जनरल मैनेजर श्रीमती अंविता सुरीन मेम और असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्रीमती अमरपाली कीर मेम एवं नाबार्ड डीडीएम धर्मेंद्र सिंह ग्वालियर/दतिया के साथ संस्था अराइज एवम ए-वे फॉउण्डेशन समिति से श्री मनोज सिंह राठौर, श्री रामकुमार शर्मा, एवं संस्था के अन्य सदस्य प्रशांत तोमर, जीतेन्द्र लिधोरिया, राकेश नायक के साथ 100 से अधिक किसान उपस्थित रहे।

## बैंक में शॉर्ट सर्किट से उठा धुआं, हादसा टला

**श्योपुर।** शहर के शिवपुरी रोड स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में मंगलवार रात करीब 9:30 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण शाखा परिसर से धुआं उठने लगा। बैंक जिस इमारत में स्थित है, उसके मकान मालिक विष्णु गर्ग ने समय रहते धुआं देख लिया। उन्होंने तुरंत बिजली का कनेक्शन बंद कर दिया। उनकी सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय बैंक बंद था। शाखा परिसर में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मकान मालिक ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

# मुरैना में नवविवाहिता संदिग्ध हालत में झुलसी, ग्वालियर रेफर पति-पत्नी के विवाद के बाद हादसा

**मुरैना।** मुरैना जिले के सराय छोला थाना क्षेत्र के पिपरई गांव में एक नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में आग से बुरी तरह झुलस गई। घटना में पति और जेठ भी मामूली रूप से झुलसे। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, पिपरई गांव निवासी नवविवाहिता संजू प्रजापति का मंगलवार दोपहर को अपने पति रणवीर प्रजापति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान करीब 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में संजू आग की चपेट में आ गई। इस दौरान संजू आग चिल्लाने लगी,



तो उसे बचाने के लिए पति और जेठ ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे वे भी मामूली रूप से झुलस गए। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने किसी तरह आग बुझाई और महिला को तुरंत मुरैना जिला अस्पताल ले गए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया। हादसे में महिला 70-80 प्रतिशत तक झुलस चुकी थी, जिसके कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

थाना प्रभारी केके सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर सराय छोला थाना पुलिस गांव पहुंची थी। लेकिन, महिला के घर पर ताला लगा हुआ मिला। ससुराल पक्ष की ओर से थाने में कोई सूचना नहीं दी गई थी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में महिला के ससुराल पक्ष का रवैया संदेहास्पद नजर आ रहा है। न ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी और न ही हादसे के बारे में स्पष्ट जानकारी दी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि यह आत्मदाह का मामला है, या फिर किसी ने जानबूझकर महिला को आग के हवाले किया है।

# श्री राम कथा समापन पर हुआ भंडारा : खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हुआ पांच दिवसीय संगीतमय राम कथा का दिव्य आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

ग्राम गौरई में खेड़ापति प्राचीन हनुमान जी मंदिर पर प्रति बर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया,जिसमें कथा वाचक पूज्य संत श्री डॉ



नागा जी सरकार के मुखारविंद से अति सुन्दर संगीतमय श्री राम कथा श्रवण करने का सौभाग्य समस्त ग्रामवासियों धर्मप्रेमीयो को प्राप्त हुआ बडी संख्या में महिलाओं पुरुषों ने श्री नागा जी महाराज के द्वारा सुनाई गई कथा का जीवन में अनुशरण करने का संकल्प भी लिया कथा समापन पर विशाल भंडारा भी कार्यक्रम आयोजक कमेटी द्वारा करवाया गया साधु-संतों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया इस भव्य आयोजन में पुरे गांव के यूवाओ ने पुरी तन्मयता समर्पण भाव से अपनी सेवा दी आयोजक कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने जिले में चलाया जन जागरूकता रथ

## इंटरनेट सुरक्षा, सोशल मीडिया सुरक्षा टिप्स के जगह जगह लगायें पोस्टर बैनर



**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 11 जनवरी तक सायबर सुरक्षा जागरूकता, सेफ क्लिक अभियान के अनुक्रम में बुधवार को पुलिस नें सामान्य इंटरनेट सुरक्षा, महिलाओं के लिए सोशल मीडिया सुरक्षा टिप्स हेतु सार्वजनिक स्थानों, संस्थाओं में पोस्टर बैनर लगा कर जागरूकता रथ में लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगो के बीच जागरूकता का प्रसार किया है। जिसमे विशेषकर महिलाएं, छात्राओं, युवाओं, गृहणियों, बुजुर्गो को सेफक्लिक के अंतर्गत साइबर अपराध व उससे बचने के बारे मे बताया गया। इसी क्रम में थाना जमोड़ी अंतर्गत नया बस स्टैंड सीधी में सहायक उप निरी सुरेश प्रताप सिंह के द्वारा पोस्टर बैनर लगा कर साइबर जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे लगभग 50 व्यक्ति उपस्थित रहे। थाना कुसमी पुलिस नें ग्राम गोतरा मे उप निरीक्षक भूपेश बैस के द्वारा तथा ग्राम पोड़ी में सहायक उप निरीक्षक डी के रावत के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें का करीबन 75 लोग उपस्थित रहे। थाना बहरी अंतर्गत कस्बा बाजार मे सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश के द्वारा व्यापारी, ग्राम सरपंच, सचिव, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन के मध्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमे लगभग 110 कि संख्या मे लोग उपस्थित रहे। थाना कोतवाली अंतर्गत मेघदूत पार्क मे निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के द्वारा पार्क मे घूमने आये लोगो के मध्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमे लगभग 80 की संख्या मे लोग उपस्थित रहे । उक्त अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर स्कूल एवं कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थानों पर जनसंवाद के माध्यम से नगर ग्राम रक्षा समितियों व सामुदायिक सहभागिता से व्यापक स्तर पर जिला व थाना स्तर तक सामुदायिक पुलिसिंग के सहयोग से आयोजित किये जा रहे हैं। डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी इस अभियान की व्यापकता प्रदान की जा रही है।

## स्कूल के टॉपर को मिलेगी स्कूटी

# जिले के 196 विद्यार्थियों, 94 बालक और 102 बालिकाओं के मिलेगी उनके पसंद की स्कूटी



**सीधी।** जिले में संचालित समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में गत वर्ष 202×- 24 में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पाने वाली बालिकाओं एवं बालकों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय की जाएगी। इस योजना अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं पात्र हैं जो प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में किसी भी संकाय में समस्त संकाय को सम्मिलित कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में प्रथम प्रयास में टॉप किया हो। इस मापदंड को पूर्ति करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी हेतु शासन द्वारा राशि प्रदाय की जाएगी। सीधी जिले के 196 विद्यार्थियों जिसमें 94 बालक और 102 बालिकाओं के उनके पसंद की स्कूटी मिलेगी।

**विद्यार्थियों को जमा करना होगा कोटेशन :-**

अपने पसंद की स्कूटी क्रय करने के लिए विद्यार्थियों को जीएसटी पंजीकृत, टेन नंबर प्राप्त, परिवहन विभाग से पंजीकृत डीलर से निर्धारित स्पेसिफिकेशन का कोटेशन प्राप्त कर प्राचार्य को उपलब्ध कराना होगा। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी का कोटेशन, विद्यार्थी का बैंक पासबुक, आधार नंबर और 12वीं की अंक सूची की प्रमाणित प्रति के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा ने इस संबंध में समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि यह कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करें।

## विद्यालयों के संचालन समय के संबंध में आदेश जारी




**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा समस्त विद्यालयों का संचालन पूर्ववत शासन द्वारा निर्धारित समय अनुसार करने के आदेश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आदेश दिनांक 06.01.2025 द्वारा तापमान में गिरावट तथा घने कोहरे के कारण समस्त शासकीय /अशासकीय/ अनुदान प्राप्त/ मान्यता प्राप्त/ सीबीएसई/ आरईएसई/ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध शालाओं का संचालन अग्रिम आदेश तक प्रात: 10:×0 बजे से दोपहर 0× बजे तक निर्धारित किया गया था। उक्त आदेश प्रतिसंहृत करते हुए उक्त समस्त विद्यालयों का संचालन पूर्ववत शासन द्वारा निर्धारित समय अनुसार करने के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

# फॅसल की सुरक्षा हेतु खेत में बिछा था करंट, झुलसकर दो गायों की हुई मौत



**सीधी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुर में एक किसान फॅसलों की सुरक्षा हेतु करंट फैला रखा था। जिसकी चपेट में आकर दो गौवंश की झुलसकर मौत हो गयी है। उक्त आरोप के साथ पुलिस ने शिकायत मिलने पर प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में ले लिया है। सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत के माध्यम आवेदक ने बताया कि मैं हाऊसिंग वोर्ड कालोनी प्रियदर्शनी नगर थाना जमोड़ी का रहने वाला हूं, गौ.सेवा गौरक्षा दल का सदस्य हूॅ। सीधी जिले में कहीं भी किसी प्रकार कोई गौवंश बीमारी हालत में या घायल अवस्था में मिलता तो हमारे टीम के सदस्य मौके पर डाक्टर की मदद से उपचार करवाते हैं। इस कारण से आम जनता हमे गौवंश के घायल बीमार मृत होने की सूचना देते रहते हैं और हम मौके पर जाकर यथा सम्भव उपचार करते हैं। बुधवार 5 फरवरी 25 को सुबह करीबन 7 बजे मझे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम विजयपुर में रमेश मिश्रा ने अपने खेत में कटीली तार लगायी हुये थें। जिसमें करेंट लगाया हुआ था, खेत के अन्दर करेट लगने से दो गौवंश घायल हो गये हैं। घटना स्थल पर पहुॅच कर देखा कि दोनो खत्म हो गये हैं। तब गौ रक्षा टीम के सदस्य दीपेन्द्र तिवारी के द्वारा उक्त जानकारी थाना कोतवाली पुलिस और वेटनरी डाक्टर को जरिये मोबाइल फोन से दी गयी। ग्रामींणो की माने तो खेत की सुरक्षा हेतु कटीले तारों में प्रवाहित बिजली करेंट के चपेट में आने से एक गाय जो गर्भवती थी उसकी भी मौत हो गयी है।

### इनका कहना है -

गौ रक्षा समिति की ओर से लिखित शिकायत दर्ज कराई गयी कि करेंट की चपेट से दो गायों की मौत हो गयी है। उक्त प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी कोतवाली सीधी**

# रबी उपार्जन के रकबा एवं फसल सत्यापन के निर्देश जारी

**सीधी।** रबी विपणन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूॅ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया हेतु पंजीयन नीति 2025-26 में 20 जनवरी से ×1 मार्च 2025 तक पंजीयन की अवधि निर्धारित की गई है। जारी नीति के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों के कृषकों के रकबा एवं फसल का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा किया जावेगा। पंजीयन में किसान द्वारा उल्लेखित फसल/रकबा एवं गिरदावरी में दर्ज फसल/रकबा में भिन्नता, विगत वर्ष के पंजीयन से 50 प्रतिशत अधिक रकबा वाले, किन्तु 5 हेक्टेयर से अधिक पंजीकृत किसान, 05 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले किसान, सिकमी /बटाईदार /कोटवार/ वनपट्टाधारी किसान एवं वनपट्टाधारी किसानों के रकबे, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यापन वन विभाग के अमले द्वारा कराया जावेगा, जिसकी प्रविष्टि डीएम एमपीएससीएससी लॉगिन से की जावेगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन) एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार को निर्देशित किया है कि किसान पंजीयन का सत्यापन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें।

# लीनस क्लब द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित



**सीधी।** जिला क्षय अधिकारी डॉ हिमेश पाठक ने बताया कि लीनस क्लब कामाख्या द्वारा जिला क्षय केंद्र सीधी में 10 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुनीता तिवारी, डॉ बीना मिश्रा, डॉ रंजना मिश्रा, श्रीमती अंजू शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। डॉ पाठक ने लीनस क्लब कामाख्या के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पोषण आहार टीबी मरीजों के लिए बहुत उपयोगी होगा। इस दौरान डब्लूएचओ कंसलटेंट डॉ दिव्यांशु शुक्ला, एनटीईपी स्टाफ, पीपीएसए टीम लीडर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बम्हनी पुलिस नें किशोरी को गुजरात से खोज कर सौंपा परिजनों को



**सीधी।** चौकी प्रभारी बम्हनी उप निरीक्षक विकास सिंह व टीम नें नाबालिक किशोरी को परदेस से ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया। बताया गया कि चौकी बम्हनी मे विगत माह मे एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से गायब है, रिश्तेदारी नातेदारी मे पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मामला गंभीर होने के कारण चौकी प्रभारी बम्हनी नें वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर तुरंत टीम गठित कर किशोरी के पता तलाश हेतु रवाना किया। जो लापता किशोरी को गुजरात से खोजकर चौकी लाई। तत्पश्चात वैधानिक कार्रवाई के उपरांत किशोरी को परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्रवाई मे चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विकास सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यभान, आरक्षक सुशील तथा साइबर सेल सीधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



# सब जेल में 103 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण किसी को गंभीर बीमारी नहीं

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ



**मंडलेश्वर।** जिले की सबसे पुरानी एवं ऐतिहासिक जेल सब जेल मंडलेश्वर में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण मध्य प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के माध्यम से जिला स्वास्थ्य विभाग की पैरामेडिकल टीम द्वारा किया गया। एच आई वी एड्स के वरिष्ठ परामर्शदाता मुकेश पटेल ने बताया कि शिविर में एच आई वी , आर बी एस, वी डी आर एल, एच पी एस ए जी, एच सी वी की जांच की गई है। वरिष्ठ टी बी सुपरवाइजर नितिन पाटनी ने बताया कि केंद्र सरकार के निक्षय योजना के तहत टी बी की जांच की जा रही है इस योजना में पीड़ित रोगी छह माह का इलाज देने के साथ 1000 रुपया प्रतिमाह पोषण आहार के लिए भी दिया जाता है। इसी योजना में जब कोई मरीज ड्रग्स का आदि होने पर उसका इलाज सफल नहीं हो पाता है तब उसे एम डी आर उपचार दिया जाता है इसमें जो टेबलेट्स दी जाती है उसकी कीमत 60 टेबलेट्स के पैकेट की लगभग 12 लाख रुपए होती है जिसमें इलाज नौ से बारह माह तक दिया जाता है इसके साथ उसे 1000 रुपया प्रतिमाह पोषण आहार के लिए भी दिया जाता है। यौन जनित रोग एस टी डी के खरगोन जिला नोडल अधिकारी विनोद कुमार पटेल ने बताया की जिस व्यक्ति को एच आई वी होता है उसे टी बी होने की संभावना भी 90 प्रतिशत होती है इसलिए हमारा अवेयरनेस प्रोग्राम टी बी अवेयरनेस प्रोग्राम के साथ ही चलता है।मंडलेश्वर सब जेल की सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा ने बताया कि सब जेल में इस समय 103 बंदी है जिनमें कोई भी एच आई वी एड्स या टी बी जैसे गंभीर रोग से पीड़ित नहीं है। समय समय पर बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है । स्वास्थ्य शिविर में जेल इंटरवेशन कोआर्डिनेटर अखिलेश पंवार लेब टेक्नीशियन संगीता कटारे, पूजा पानवे अनिल गिरवाल सहित जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित थे।

# शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा पर सप्त दिवसीय महारुद्र यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा आयोजन का समापन

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान



श्री शिव मंदिर चांदामेटा बाजार के नवनिर्मित भवन में शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दिनांक 29/01/2025 से निरंतर नगर का भक्तिमय आयोजन के अंतिम दिवस श्री शिव महापुराण कथा एवं पंच कुंडिय सत्संग में श्री क्षितिज जी महाराज ने कथा के समापन में कहा की भक्तिमय धारा जो बही है उसमें अच्छे इंसान बने और मुझे अपनी जन्म भूमि में कथा कहने का अवसर प्राप्त हुआ है जिससे में अभिभूत हू और इस चांदामेटा की सेवा करने का जो भी अवसर मिलेगा उसे जरूर करूंगा कथा समापन के पश्चात पंच कुंडिया की पूर्णाहुति अर्पित जी महाराज एवं मनीष जी शुक्ला द्वारा पूर्ण आहुति करवाकर यज्ञ आयोजन का विसर्जन करवाया गया उसके पश्चात नगर भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर के समस्त शिव भक्तों द्वारा भंडारा ग्रहण किया गया अंत में भव्य आतिशबाजी के साथ आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

## वसंत पंचमी के पर्व पर राधा-कृष्ण सत्संग भवन का स्थापना दिवस मनाया

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** नगर में पंजाबी समाज के द्वारा स्वामी सच्चिदानंदजी महाराज न्याय वेदान्ताच्चार्य काशी की सद प्रेरणा से वसंत पंचमी के पावन पर्व पर संवत 2033 सन 1977 में 24 जनवरी को यशवंत मार्ग पर श्रीराधा कृष्ण मंदिर की नींव रखी गई थी। सोमवार को बसंत पंचमी पर स्थापना दिवस राधा कृष्ण सत्संग भवन पंजाबी समाज मंदिर पर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर को आकर्षक विद्युत साज सज्जा से सजाया गया तथा राधा कृष्ण जी की प्रतिमा के साथ हनुमान जी, माॅ दुर्गा तथा शिव जी का अभिषेक कर प्रतिमाओं का भव्य आकर्षक श्रंगार मंदिर पुजारी समाज के पंड़ित नरेन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया।

# समय चक्र के महत्व को समझने वाले शिखर को प्राप्त करते है : शांतानंदजी

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**सिलवानी।** नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में आयोजित किए जा रहे 7 दिनी श्री आध्यात्मिक वाणी पाठ का बुधवार को सुबह के समय वांचन के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें। यहां पर बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी तथा बाल ब्रम्हचारी आत्मानंदजी की अमृतमयी वाणी का लाभ समाजजनो को प्राप्त हुआ। उन्होने अपने संबोधन में बताया कि समय का अपना ही महत्व होता है। समय के साथ चलने तथा समय समय पर अपने विचारो का धारण करने वाला व्यक्ति सफल होता है। शांतानंदजी ने एक द्रष्टांत के माध्यम से व्यक्ति की प्रगतिशील विचार धारा को स्पष्ट किया तथा कहा कि व्यक्ति को लकीर का फकीर नही बने रहना चाहिए बल्कि समय के साथ बदलाव भी दिखाई देना चाहिए। समय पर किया गया बदलाव सफलता की सीढ़ी बनता है। नगर में शुक्रवार से तीन दिवसीय श्री जिनवाणी जी स्थापना, कलशा रोहण, वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में 7 दिनी आध्यात्मिक वाणी पाठ का वांचन प्रारंभ किया गया। जिसका समापन बुधवार को सुबह के समय बाल ब्रम्हचारी आत्मानंदजी, बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी तथा बाल ब्रम्हचारिणी दीदी सरला बहनजी, ब्रम्हचारिणी दीदी किरण बहन जी सहित अन्य बाल ब्रम्हचारिणी दीदियों के सानिध्य में कार्यक्रम का समापन किया गया। यहां पर जिनवाणी वंदना, आरती, चंदन प्रसाद का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ।

**आज निकाली जाएगी घटयात्रा :-**

नगर में तीन दिवसीय श्री जिनवाणी जी स्थापना, कलशा रोहण, वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव का आयोजन शुक्रवार से किया जा रहा है। जिसमें देश, विदेश में निवास करने वाले संत तारण स्वामी के अनुयाई बड़ी संख्या में सहभागिता करेगें। कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दोपहर 12 बजे भव्य घटयात्रा निकाली जाएगी। जो कि जैन चैत्यालय से प्रारंभ होगी तथा होली चौक, बुधवारा बाजार, समैया मार्केट, गांधी चौक, बजरंग चौराहा आदि प्रमुख स्थलो से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल सरस्वती शिशु मंदिर रोड मॉ कर्मा मैदान पर पहुंच कर समाप्त होगी ।

# सेफ क्लिक अभियान अन्तर्गत विवेकानंद कॉलेज मैहर में अयोजित किया गया सायबर क्विज

प्रवीण गौतम दैनिक केशरिया हिंदुस्तान



**मैहर।** सेफ क्लिक अभियान के पांचवे दिन विवेकानंद कॉलेज मैहर में ऑनलाइन सायबर क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं एवम शिक्षकों के द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया। पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा डिजाइन किए गए इस क्यूआर कोड एवम लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सायबर फ्रॉड से जागरूक किया जा रहा है। मैहर पुलिस द्वारा कॉलेज के छात्र छात्राओं एवम शिक्षकों को उक्त कोड एवम लिंक को डाउनलोड कर अधिक से अधिक लोगों को शेयर करने की अपील की गई है ताकि अधिक से अधिक लोग सायबर अपराधों से जागरूक हो सकें। इसके साथ ही मैहर पुलिस द्वारा कॉलेज के छात्र छात्राओं को रोजाना घटित होने वाले विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधों जैसे वेडिंग इन्विटेशन स्कैम, डुश्चद्म फाइल, डिजिटल अरेस्ट, अंजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल एवम अंजान लिंक पर क्लिक करने से होने वाले खतरों की जानकारी दी गई।

# रेनी के जंगल में अवैध मिट्टी खनन, प्रशासन और खनिज विभाग की लापरवाही से पर्यावरण संकट गहरा : धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान



जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील जुन्नारदेव उमरेट हनोतिया रोड से लगा हुआ रेनी के जंगल में अवैध मिट्टी खनन की गतिविधियाँ बेहिसाब तरीके से बढ़ रही हैं, और न तो वन विभाग और न ही खनिज विभाग इस गंभीर मुद्दे पर कोई ध्यान दे रहे हैं। बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर मिट्टी निकाली जा रही है, जिसका इस्तेमाल ईंट बनाने के लिए किया जा रहा है। यह खनन न केवल जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहा है, बल्कि पूरे क्षेत्र में पर्यावरणीय संकट भी पैदा कर रहा है। यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब प्रशासन और संबंधित विभागों की लापरवाही सामने आती है। वन विभाग जो जंगलों के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है, वह इस खनन पर कोई रोक नहीं लगा रहा है, जबकि खनिज विभाग भी इस अवैध खनन को नजरअंदाज कर रहा है। नतीजतन, जंगल की जैव विविधता पर सीधा हमला हो रहा है, जलवायु असंतुलन और जल स्तर में गिरावट हो रही है, और इलाके में बाढ़, भू-स्खलन जैसी आपदाओं के होने की आशंका बढ़ रही है। स्थानीय लोग इस अवैध खनन से बेहद परेशान हैं, और यह आशंका है कि अगर यही स्थिति जारी रही तो जंगल पूरी तरह से नष्ट हो सकता है। इससे न केवल वन्य जीवन की जीवनशैली प्रभावित होगी, बल्कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए भी जीवन संकट में पड़ सकता है। इसके बावजूद प्रशासन और खनिज विभाग की निष्क्रियता और अनदेखी जारी है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या हमारे प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं या सिर्फ आँखें मूंदकर बैठ गए हैं। इस लापरवाही और अनदेखी के कारण पर्यावरणीय संकट गहरा सकता है और अगर अब भी कदम नहीं उठाए गए तो यह जंगलों और स्थानीय समुदाय के लिए एक गंभीर आपदा बन सकता है।

# प.पु.आ. जिनसुन्दर सूरिश्वर म.सा. की पावन निश्रा मे मेरे पार्श्व मेरे घर अनुष्ठान का आयोजन सम्पन्न

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



**महिदपुर।** स्थानीय महिदपुर नगर मे युगप्रधान आचार्यसम प.पू.पन्यास चंद्रशेखर विजय मसा के शिष्य प.पु.आ. जिनसुंदर सूरिश्वरजी महाराजा एवं प.पु.आ. धर्मबोधि सूरिश्वरजी महाराजा आदि ठाणा की मंगल निश्रा मे घर घर पार्श्व प्रभु की मंगल मूर्ति का अनुष्ठान का आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्री संघ मे हुआ। इस आयोजन के सम्पूर्ण लाभार्थी श्रेष्ठिवर्य मांगीलाल गौतम अमित मेहता परिवार थे जिनका संघ अध्यक्ष संजीव मंडलेचा सोनी, सचिव ललित गॉर्डी, ज्ञानचंद कोचर, राजमल पोखरना, योगेंद्र नास्कावाला के द्वारा बहुमान किया गया । इस आयोजन मे नगर के सकल जैन संघ को लाभार्थी मेहता परिवार द्वारा मंगलमूर्ति प्रदान की गयी जिसका मंत्रोचार द्वारा विधि विधान आचार्य श्री की निश्रा मे हुआ। ज्ञात रहे की आचार्य जिनसुंदर सुरीजी महाराज साहेब की निश्रा मे विगत आठ दिनों से नगर मे धर्मगंगा प्रवाहमान रही जिसमे सुबह प्रवचन दोपहर मे बाल शिविर रात्रि मे युवाओं के लिए जीवन प्रेरक प्रवचन का आयोजन हुआ जिसमे नगर के समस्त श्रद्धालुओ ने बड़ चढ़ कर धर्मलाभ् लिया । वही स्थानीय जिनदत्त विद्यालय मे भी आचार्य धर्मबोधि सुरी मसा के मंगल प्रेरक प्रवचन हुए। महाराज साहेब का आज उज्जैन की ओर विहार हुआ आचार्य श्री का आगामी कार्यक्रम मई माह मे नागेश्वर तीर्थ मे परिवारिक शिविर तथा अष्टापद तीर्थ मे बाल संस्कार शिविर का आयोजन रहेगा साथ ही आचार्य श्री का चतुर्मास रतलाम नगर मे होगा ।

# 25 फरवरी से हायर सेकेण्डरी एवं 27 फरवरी से हाई स्कूल परीक्षा होगी प्रारंभ

## जिले के 33989 परीक्षा होंगे शामिल

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ



**खरगोन।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 आगामी 25 फरवरी से तथा हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। इन परीक्षाओं में जिले के 33989 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में यह परीक्षाएं व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने बताया कि हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 के लिए खरगोन जिले में 87 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। इन केन्द्रों पर 12 हजार 565 नियमित एवं 2709 स्वाध्यायी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। हाई स्कूल परीक्षा 2025 के लिए जिले में 95 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। इन केन्द्रों पर 16 हजार 768 नियमित एवं 1947 स्वाध्यायी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 11 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थी को प्रातः 08:30 बजे तक अपने कक्ष में पहुंचना अनिवार्य होगा। इन परीक्षाओं के संचालन के लिए परीक्षा केन्द्राध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं और 1900 पर्यवेक्षकों का भी चयन कर लिया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए विकासखण्ड स्तर पर दो-दो निरीक्षण दल गठित किये गए हैं और अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

# टोल प्लाजा के कर्मचारियों का हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा के दिये टिप्स



वैभव जैन ओबेदुल्लागंज

हिंदुस्तान लेटेक्स लाइफ केयर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से बिशनखेड़ा टोल प्लाजा में तैनात कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय सहित अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस दौरान टोल प्लाजा स्टाफ के विभिन्न कार्यों व जिम्मेदारियां का ज्ञान आपातकालीन स्थिति का सही तरीके से हैंडलिंग सड़क सुरक्षा टिप्स बुनियादी जीवन समर्थन बॉडी लैंग्वेज और इशारों का महत्व टीम प्रबंधक राजमार्ग मंत्र एप्लीकेशन और टोल फ्री नंबर 1033 का महत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ऑफिसर इंद्रभूषण श्रीवास्तव डॉक्टर मंगलेश भालेराव नेहा डोंगरे ने तीन सत्रों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण किया इस मौके पर टोल मैनेजर विशनखेड़ा श्रीनिवास चौहान दीपू तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सांसद बंटी विवेक साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दी 4 लाख 91 हजार की सहायता

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान



सांसद बंटी विवेक साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर 102 लोगों को 4 लाख 91 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा एवं सांसद कार्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने सांसद श्री साहू से सहायता के लिए अर्जी लगाई थी। जिन्हें बुधवार को सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा स्थित सांसद कार्यालय में चेक वितरित कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू लगातार छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों शामिल हो रहे है, जहाँ बड़ी तदाद में लोग उनसे मुलाकात कर आर्थिक सहायता के लिये अरजी लगा रहे है । साथ ही छिंदवाड़ा स्थित सांसद कार्यालय में भी सांसद श्री साहू लगातार लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे। इसी दौरान आर्थिक रूप से कमजोर लोगों द्वारा सांसद श्री साहू से मुलाकात कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए अर्जी लगाई जा रही है। लोगों द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता के आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर बुधवार को सांसद कार्यालय बुलाकर अपने हाथों से आर्थिक सहायता की राशि के चेक प्रदान किये। सांसद के हाथों से आर्थिक सहायता राशि के चेक मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर विक्रम अहके, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, युवा नेता अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# युवाओं के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्साह का स्त्रोत है एनसीसी : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विद्यार्थियों को अनुशासन और उत्साह प्रदान करता है। देशभक्ति, सामर्थ्य, सहयोग, सह-अस्तित्व की भावना के साथ एनसीसी की यूनिफार्म धारण करना आत्मविश्वास की विशेष अनुभूति प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर अधिक सशक्त और समर्थ होते भारत की ओर सम्पूर्ण विश्व आशा की दृष्टि से देख रहा है, इस परिदृश्य में भारतीय युवा पीढ़ी का दायित्व अधिक बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का सेना के साथ त्यौहार मनाना हमारे सशस्त्र बल को यह विश्वास दिलाता है कि समाज और सरकार उनके साथ है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व ऐसे व्यक्तित्व के सानिध्य में मनाने का अवसर मिलना गर्व का विषय है, यह अवसर है हर कैडेट के लिए अविस्मरणीय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह-2025 में शामिल राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में एनसीसी कैडेट्स का सम्मान किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, एनसीसी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल श्री विक्रांत एम. धुमने तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में लगे कैम्प में 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2 हजार 361 कैडेट्स का समागम हुआ। एनसीसी एकता और अनुशासन की पाठशाला है, इसके अनुभव जीवनभर कैडेट्स का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व के प्राचीनतम देशों में से एक है और यहाँ राष्ट्र के लिए स्वयं को बलिदान करने वालों की कमी नहीं रही है।

# अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान धनपुरी द्वारा चलाया जा रहा गायों के लिए हरी सब्जियों का भंडारा

अखंड प्रताप सिंह कि रिपोर्ट

खिल उठी श्री कृष्णा की गईया छा गया निखार, बसंती बयार लाई बहार। कोयल गाए मीठे राग,मौसम में घुली खुशियों की आग। आयो सब मिलाकर इन गायों के साथ मनाएं बसंत पंचमी का त्यौहार गौ सेवा का अद्भुत नजारा हरी सब्जियों का भंडारा विगत 7 वर्षों से श्री अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान द्वारा धनपुरी से जुड़े पूरे क्षेत्र में दशहरा तकलीफ गायों के लिए एक मसीहा बनकर कर रहा है जिस तरीके से संस्थान में हर त्यौहार में एक नए अभियान की शुरुआत की जाती है जैसे इस बसंत पंचमी में गौ सेवा संस्थान के संस्थापक गौ राम दुबे जी द्वारा एक अलग और अच्छे अभियान की शुरुआत की और श्री अटल कामधेनु गौ



सेवा संस्थान में बसंत पंचमी के उपलक्ष में स्वरस्वती माता और संस्थान गौ माता की पूजा अर्चना करके और गुड़ चना केला खिला बड़े ही धूमधाम से हरी सब्जियां भंडारा किया गया जैसे की पालक भाजी लाल भाजी, लौकी, भांटा, टमाटर गोभी, पपीता ,गाजर, पत्ता, गोभी, परवल, कुमड़ा आदि सब्जियों गौ माता के लिए भंडारा किया गया इसमें उपस्थित वैश्य समाज की महिला शक्तियों द्वारा भी इस अभियान से जुड़कर सब्जियों के लिए सेवा राशि प्रदान की गई और सभी गौ माता के बड़े ही धूमधाम से हरी सब्जियों का भंडारा किया गया गौ सेवा परिवार के मुख्य सदस्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री आदरणीय श्री प्रभात बरकड़े जी आकर सभी स्वरस्वती माता की पूजा जी की पूजा और गौ माता की पूजा कर कर के गौ माता को हरि सब्जियाँ खिला कर गौ माता का आशीर्वाद लिया और संस्थान को एक नया मार्गदर्शन दिया गौ सेवा परिवार के संरक्षक लालू भैया संस्थान के सदस्य लाली गुप्ता,सुनील जैसवानी जयंत जायसवानी आशीष सक्सेना जी (मैनेजर),अमलाई फाटक रावी जी,संस्थान के,मार्गदर्शक सूरज श्रीवास्तव जी ,विवेक पांडे जी,नवीन दादा (एस.आई.) अमलाई थाना वैश्य समाज महिला सक्ति की ओर हरी सब्जियाँ के लिए सेवा राशि प्राधाय की गई श्रीमती स्नहेलता गुप्ता,प्रतिमा जैन,डॉ आशा जैन,सदना जैन,रजनी जैन,अंशु जैन,बिन्दा भगत,समता मोदी मेहुल श्रीवास्तव अंतर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष एवं ओजस्वनी टीम का का श्रम धान सहयोग मे प्राप्त हुआ और यह दिन गौ माता के लिए भव्य भंडारा किया गया टीम अटल के मुख्य सेवादार मुख्य महरथी अन्नू प्रिंस बेटू दादा अक्षत।

# विकास खंड के 12 मेधावी छात्रों को मिलेगी मुफ्त स्कूटी

## ई स्कूटी योजना का लाभ मिलने पर संस्था द्वारा सम्मानित

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

**बाग।** प्रदेश सरकार ने जनजातीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना का बुधवार को शुभारंभ किया। इसके तहत 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्कूटी दी जाएगी। बाग स्थित सीएम राइज स्कूल में विशेष कार्यक्रम में तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी के स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इनमें उत्कृष्ट शाला की छात्रा शर्मिष्ठा नायक, मॉडल स्कूल के छात्र सोहेल खत्री और कन्या हायर सेकंडरी की छात्रा सायकू मोरी शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का लाइव संबोधन भी प्रसारित किया गया। समारोह में प्राचार्य डी.एस. बघेल, सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, सुरेश रावत, विवेक राठौड़ नगर के वरिष्ठ




पत्रकार ब्रज जाजू ,शहजाद पठान सहित कई लोगों ने शिरकत की। टॉपर विद्यार्थियों को पुष्पहार और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बाग ब्लॉक की अन्य शालाओं से घटबोरी स्कूल के जितेंद्र अलावा और निर्मला भाभर तथा अखाड़ा हायर सेकंडरी स्कूल से सावित्री और सुरेश ने भी टॉप किया है। कुल मिलाकर बाग ब्लॉक के 12 मेधावी विद्यार्थियों को इस योजना का लाभमिलेगा। यह पहल न केवल छात्रों के लिए प्रोत्साहन है, बल्कि शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस अवसर पर मॉडल स्कूल प्राचार्य वंदना नायक, प्रतिभा उपाध्याय, राधा शर्मा लक्ष्मी नारायण पवार, अशोक शर्मा मनीष राठौर, उमेश लच्छेता, रवींद्र कलमोदिया, नीतू यादव, दिनेश अजनार भी थे।

## खदान के पानी में करंट फैलने से मासूम की मौत

**भोपाल।** भोपाल के रातीबड़ थाना इलाके में स्थित एक खुली हुई खदान में शौच के बाद हाथ धोने गए मासूम की करंट लगने से मौत हो गई। पानी में हाथ डालते ही वह बेसुध होकर गिर गया। करंट से छाती बुरी तरह झुलस गई। हादसे के समय खदान में कट लगा हुआ बिजली का तार डूबा था। घटना मंगलवार की शाम की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बुधवार को पीएम कराया गया है। घटना नीलबड़ के मिलेनियम कॉलेज के पास बरखेड़ा-नाथू की है। अनिल प्रजापति की खदान में आयुष (5) पिता मंगल पटेल को करंट लगा है। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा शौच के लिए बहन के साथ खदान किनारे गया था। हाथ धोने के लिए गड्?ढे के पानी में हाथ डाला। पानी में करंट फैला हुआ था। इससे बच्चा वहीं बेसुध होकर गिर गया। बहन ने शोर मचाया। यह देखकर लोगों ने मुझे सूचना दी। मैं पास के ही खेत में मजदूरी कर रहा था।

# नर्मदा जयंती पर क्षेत्र के हर घाटों पर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई एवं दीप प्रज्वलित

विशाल भंडारे का आयोजन

ग्राम जेत में गौरव दिवस एवं नर्मदा जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए

बकतरा नर्मदा जयंती के पर पर क्षेत्र में नर्मदा घाटों पर क्षेत्र में उत्साह देखने को मिला मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई और मां को भक्तों ने विशाल चुनरी अर्पित की गई अभिषेक के साथ रात्रि में हवन एवं भंडारे को आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो की तादात में श्रद्धालु की भीड़ दिखाई गई ग्राम सोमवार वाला देहरी में विशेष कार्यक्रम किया गया चुनरी यात्रा निकाली गई और सामूहिक दीपदान किया गया महिलाओं द्वारा सर पर कलश मां की चुनरी के साथ विशाल यात्रा निकाली गई और ढोल धमाके एवं डीजे के साथ श्रद्धालु तर्क के नजर आए



श्री 108 अखिलेश गिरी जी महाराज देहरी आश्रम एवं नित्यानंद पूरी बंगाल तारापीठ द्वारा हवन एवं अभिषेक ग्राम वासियों द्वारा एवं समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया कन्या की पूजा की गई एवं उन्हें श्रीफल चुनरी भेंट की गई गौरव दिवस एवं नर्मदा जयंती महोत्सव पर ग्राम जेत में नर्मदा जयंती पर रंगाई पुताई का एवं लाइटिंग के साथ साफ सफाई एवं साथ सजा की गई

**नर्मदा तट को दुल्हन की तरह सजाया गया :** ग्राम जेत में पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह चौहान एवं वर्तमान विधायक रमाकांत भार्गव बुधनी समाजसेवी नरेंद्र सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष वीर सिंह चौहान ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय जिला पंचायत सदस्य रघुवीर मंडल अध्यक्ष पवन चौहान रेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश चौहान युवा मंडल अध्यक्ष अल्पेश चौहान पूर्व उपाध्यक्ष अमरदीप चौहान अनिल चौहान विनीत राजपूत गिरवर राजपूत सुनील गौर शाहगंज अजय शर्मा मां जयंती पर नर्मदा की पूजा की एवं हजारों की संख्या में दीपदान किए गए कहीं रात्रि में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया मां रेवा आरती समिति शिवधाम जेत द्वारा मुकेश चौहान एवं समिति के सदस्य मां नर्मदे नर्मदा जी की नित्य प्रतिदिन सुबह शाम आरती एवं प्रति रविवार अमावस्या पूर्णिमा को महा आरती 9 वर्ष से अधिक हो गए हैं और यहां पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा।

# सी एम राइज बड़ावदा के छात्र प्रकाश एवं छात्रा ललिता का शासन की योजना ई स्कूटी में चयन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

**बड़ावदा।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना शासकीय विद्यालयों के लिए सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र व एक छात्रा का को ई-स्कूटी प्रदान की जाती है। इस योजनांतर्गत सीएम राइज शा उ मा वि बड़ावदा के एक बालक और एक बालिका का चयन हुआ। सत्र 2023.24 हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षा में बालिका वर्ग में सबसे अधिक अंक अर्जित करके संस्था की ललिता पिता महावीर दास कला संकाय और बालक वर्ग में सबसे अधिक अंक अर्जित करके सचिन पिता प्रकाशचंद्र कला संकाय का चयन हुआ। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए




शासन ई-स्कूटी को प्रोत्साहित करने के लिए 12,0000 देगी व यदि पेट्रोल की स्कूटी लेगी तो 90000 देगी। 5 फरवरी को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल से लाइव प्रसारण में बच्चों को ई-बाइक के लिए राशि स्वीकृति करके होनहार बच्चों को प्रोत्साहित किया। मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय संस्थाओं में ई बाइक खरीदने के लिए स्वीकृति प्रमाण पत्र जारी किए गए। विद्यार्थियों को भोपाल से सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से बताया गया और संस्था के प्राचार्य गोविंद सिंह मालीवाड़ ने सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों को अग्रिम बधाई देकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# तो क्या बकहो, रुंगटा क्षेत्रों में किस के इशारे पर हो रहा बकहो नरगड़ा, में अवैध रूप से रेत का कारोबार माफिया को मिला प्रशासनिक अधिकारियों का अभयदान अवैध रेत का कारोबार लगातार जारी....?

अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट
केसरिया हिंदुस्तान

बकहो नरगड़ा के नाला,घाट के और अन्य क्षेत्र में पुलिस प्रशासन संरक्षण के तर्ज में बकहो नरगड़ा नाला, घाट के रेत माफिया अब सक्रिय है। देर रात से सुबह होने पहले तक, *रेत माफिया 5 ट्रेक्टर बकहो नरगड़ा नाला घाट में बहा रहे अवैध रेत की गंगा... सूत्र बताते है बकहो नरगड़ा नाला से अवैध रेत के खदानों से अवैध रेत की 5 से अधिक ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का कारोबार कर रहे है। इसमें निचले बीट कर्मचारियों



की संलिप्तता को नकारा नहीं जा सकता.... *गुली किसी कानून व्यवस्था को नहीं मानता बरसों से रेत,मिट्टी मुरूम, बुढार क्षेत्र के ईंट भट्टो में कोयले का संचालन करवा रहा है कालरी क्षेत्रों से ओवर बर्डन की चोरी का सरगना में कोयला अपने 8-10 लड़के को इकट्ठा करके बाइक से बुढार के जगह-जगह ईंट भट्टे में कोयल पहुंचने का काम करता आ रहा है।

## ऐशबाग पुलिस का एक और कारनामा उजागर

# महिला का दावा-जुआ चलाने पुलिस कर्मी रकम उधार देते थे, लिखापढ़ी वायरल की

भोपाल। भोपाल की ऐशबाग पुलिस पर लगे जुए-सट्टे खिलाने के आरोपों के बीच क्षेत्र की महिला ने बड़ा दावा किया है। उसका आरोप है कि थाने के पुलिसकर्मी लोकेंद्र और अजय उनके पति पर जुआ और सट्टा खिलाने के दबाव बनाते थे। इस अवैध काम को शुरू करने के लिए उधार रकम भी थाने के एक पुलिसकर्मी ने ही इन दोनों के कहने पर दिया। रकम उधार देने की रजिस्टर्ड लिखापढ़ी की गई थी। महिला ने इस लिखापढ़ी को भी वायरल किया है। इससे पहले महिला ने थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा वसूलने के लिए उनके पति को कॉल किए जाने की ऑडियो वायरल कर दी थीं। जिसके बाद थाने के तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। इधर, डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच कराई जा रही है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर इनके खिलाफ भी कार्रवाई तय करेंगे। एक सप्ताह पहले ऐशबाग पुलिस ने जवाहर कॉलोनी में रहने वाले फरहान खान को 110 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किए जाने के दावे किए थे। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भी भेजा गया। इस कार्रवाई के बाद फरहान की पत्नी सामने आई थी। उसने दावा किया कि पति को घर से उठाकर फर्जी कार्रवाई की गई। स्टेडियम के करीब पटरी किनारे डरा धमकाकर उसे जबरन चरस पकड़ाई। इसके बाद उसका वीडियो शूट किया। जबकि इससे पहले उसे थाने के एक पुलिसकर्मी की काले रंग की स्कॉर्पियो में अलग-अलग स्थानों पर घुमाया गया था। यह वीडियो हमने बनाया था। कार्रवाई से दो दिन पहले से लोकेंद्र, अजय और पवन रघुवंशी ने जुआ की बंदी बढ़ाने का दबाव बनाया था। पति ने तंग आकर जुआ हमेशा के लिए बंद करने की बात उनसे कही थी। रेशमा का साफ कहना है कि हां पति तीन सालों से जुआ चला रहे थे। लेकिन पुलिस का पूरा संरक्षण था। हम लोकेंद्र और अजय को 8 हजार रुपए हफ्ता जबकि थाने के एक अधिकारी को दस हजार रुपए हफ्ता देते थे। पवन रघुवंशी को तीन हजार रुपए हफ्ता तथा अन्य को एक हजार से दो हजार रुपए तक 10 पुलिसकर्मियों को देते थे। दबाव बनाया जा रहा था कि अधिकारी को 15 हजार जबकि लोकेंद्र और अजय को दस-दस हजार रुपए दिए जाएं। जब पति ने काम बंद करने की बात कही तो उसे जेल भेजने की धमकी एक दिन पहले कॉल पर दी गई थी। अगले ही दिन उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। हमने रिकार्डिंग वायरल की तो भाई अली अब्बास को भी जेल भेजने की धमकी दी जाने लगी। जबरन घर में घुसी पुलिस ने तीन मोबाइल फोन जब्त कर लिए। इनमें थाने के अधिकांश पुलिसकर्मियों से बातचीत की रिकार्डिंग थी। जब परेशान होकर मैने सोशल मीडिया पर केस से जुड़े तमाम सबूत वायरल करना शुरू किए तो मुझे भी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाने लगी है।

# बच्चों में भगवान का वास है, इन्हें खुश रखना ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान : मुख्यमंत्री

## हर्षिनी फाउंडेशन के बच्चों से की बातचीत और भोपाल भ्रमण के लिए किया रवाना

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय- और सर्वे भवन्तु सुखिन-सर्वे संतु निरामय- का विचार जन-जन में व्याप्त है। बच्चों में भगवान का वास है, इन्हें खुश रखना ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान है। समाज की मुख्य धारा से पीछे रह जाने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने, उनका हौंसला बढ़ाने के लिए व्यक्ति और संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास निश्चित ही अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नन्ही खुशियां कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व



भवन में यह विचार व्यक्त किए। जागरण प्रकाशन समूह की इकाई नव दुनिया द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों के क्रम में नन्हीं खुशियां कार्यक्रम पिछले वर्षों से 11किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर हर्षिनी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के बच्चों से संवाद के अंतर्गत उनके शालेय अनुभव तथा अन्य रूचियों के संबंध में बातचीत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों के वाहनों के काफिले को झंडी दिखाकर भोपाल भ्रमण के लिए रवाना किया। बच्चों की दिनभर की गतिविधियों के अंतर्गत विधानसभा भ्रमण, पलाश होटल और ताज होटल की विजिट, फिल्म देखना, हाई-टी और पलाश होटल में दिन का भोजन शामिल है। इस अवसर पर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे।

## करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से पूछताछ करने जेल पहुंची ईडी

# 3 अफसर कर रहे सवाल-जवाब; इनकम सोर्स, सोना लदी कार और प्रॉपर्टी पर इन्क्वॉयरी

भोपाल। आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम भोपाल केंद्रीय जेल पहुंची है। जेल में तीन अफसरों की टीम सुबह करीब 11 बजे से सौरभ से सवाल-जवाब कर रही है। उसके इनकम सोर्स, इनोवा कार में मिले 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ रुपए कैश के साथ प्रॉपर्टी की जानकारी ली जा रही है। इसी जेल में सौरभ के सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल भी हैं। हालांकि, इन दोनों से आज कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे लोकायुक्त कोर्ट में पेश किया गया था। यहां करीब एक घंटे चली सुनवाई के बाद जज आरपी मिश्रा ने तीनों आरोपियों को 17



फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जेल में तीनों आरोपियों को ब खंड के अलग-अलग बैरक में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, आज सिर्फ सौरभ से पूछताछ की जा रही है। सौरभ की प्रॉपर्टी, इन्वेस्टमेंट के साथ उसकी कंपनियों में हिस्सेदारी और विदेशी निवेश से जुड़े मसलों को भी ईडी ने निशाने पर रखा है। सौरभ से मिले जवाबों के आधार पर ईडी के अफसर चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से अलग-अलग पूछताछ कर सकते हैं। इसके बाद आमने-सामने बैठाकर पूछताछ और जवाबों को क्रॉस चेक किया जा सकता है। मामले में आयकर विभाग ने सौरभ शर्मा से पूछताछ को लेकर कोई रणनीति फाइनल नहीं की है। एक-दो दिन में आयकर विभाग पूछताछ संबंधी अगला स्टेप ले लेगा। इसको लेकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन डीजी सतीश गोयल अधिकारियों से चर्चा कर प्लान को अंतिम रूप दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अब लोकायुक्त मेमोरेंडम में सौरभ के अन्य कर्मचारी, रिश्तेदार और करीबी परिचितों को भी आरोपी बनाया जा सकता है। सौरभ की कंपनियों में 50 से अधिक कर्मचारी थे। जिनकी सूची लोकायुक्त ने तैयार कर ली है। सौरभ के 18 खास रिश्तेदारों को भी नोटिस तामील किए जा चुके हैं। जेल रिकॉर्ड के मुताबिक, सौरभ, चेतन और शरद को दोपहर 1.30 बजे जेल लाया गया। जेल नियम के अनुसार, तीनों की बारीकी से तलाशी ली गई। इसके बाद तीनों को एक साथ विचाराधीन बंदी वार्ड के ब खंड में दाखिल किया गया। इस खंड में तीनों एक साथ हैं। इससे पहले रिमांड के दौरान तीनों को रात के समय में कोहेफिजा थाने के लॉकअप में एक साथ रखा जाता था। तीनों को फिलहाल कैदी नंबर नहीं दिया गया है। जल्द तीनों को जेल में नई पहचान के दौरान उनके कैदी नंबर दिए जाएंगे। पूर्व सीएम उमा भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा- जांच एजेंसियां की दक्षता और निष्पक्षता पर लोगों को विश्वास है। अब उन जांच एजेंसियों के लिए ये परीक्षा की घड़ी है कि वे यह बात यहीं खत्म कर देती हैं या गहराई में जाकर असली महा अपराधियों को पकड़ कर, प्रमाण जुटा कर उन्हें कठोरतम दंड दिलाती हैं।

# मध्य प्रदेश: आशा कार्यकर्ताओं का सरकार के खिलाफ विरोध: वादे के मुताबिक नहीं मिली 1000 रुपये की वार्षिक वृद्धि, आयुष्मान कार्ड बनाने का अतिरिक्त बोझ भी डाला

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट।** मध्य प्रदेश में आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांग 1000 रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर है, जिसकी घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री ने 29 जुलाई 2023 को की थी।

विभागीय अधिकारियों पर आरोप है कि वे इस आदेश को तोड़-मरोड़कर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वेतन वृद्धि लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। यह कदम प्रदेश की 80,000 आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों के हितों के विरुद्ध है। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 1 जुलाई 2024 से यह वृद्धि मिल रही है।कार्यकर्ताओं ने आयुष्मान कार्ड बनाने के अतिरिक्त काम का भी विरोध किया। प्रशासनिक अधिकारी नौकरी से निकालने की धमकी देकर आशा कार्यकर्ताओं से यह काम करवा रहे हैं। कई आशा कार्यकर्ता अपनी जेब से पैसे खर्च कर आपरेटर से कार्ड बनवा रही हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता और इस तरह का दबाव अनुचित है।

**इन प्रमुख मांगों को लेकर दिया ज्ञापन :** 1) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के गैरकानूनी प्रावधान पर पुर्नविचार करते हुये माननीय मुख्यमंत्री की 27 जुलाई 2023 की घोषणा एवं मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 29 जुलाई 2023 को जारी आदेश के तहत आशा एवं पर्यवेक्षकों को आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की तरह 1 जुलाई 2024 से 1000 रुपये वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की जावे।

(2) आयुष्मान कार्ड बनाने का काम में आशा एवं पर्यवेक्षकों का इस्तेमाल को तत्काल रोका जावे एवं काम का अतिरिक्त बोझ डालना तत्काल बंद किया जावे। जिन आशा एवं पर्यवेक्षकों ने आयुष्मान कार्ड बनाया है उन्हें उसका भुगतान कराया जावे।

(3) प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने पर रोक लगाया जावे। पिछले वर्ष 2023 - 2024 में प्रदेश में विभाग या प्रशासन द्वारा अनुचित तरीके से निकाले गये सभी आशाओं को काम पर वापस लिया जावे ।

(4) विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों के साथ अमर्यादित एवं असम्मानजनक व्यवहार को रोकने हेतु कदम उठाया जावे।

(5) जहां तीन-तीन माह से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही हुआ है, वहां तुरन्त भुगतान किया जावे एवं आशा एवं पर्यवेक्षकों के सभी बकाया राशियों का भुगतान किया जावे। आशाओं का वेतन का प्रत्येक माह की 5 तारीख तक नियमित रूप से भुगतान करने का निर्णय को सख्ती से लागू किया जावे।

(6)सभी अस्पतालों एवं चिकित्सालयों में आशाओं के लिये सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आशा रेस्ट रूम की व्यवस्था किया जावे।

(7)आशा एवं पर्यवेक्षकों को गैर विभागीय कार्य करने के लिये बाध्य न किया जावे। एवं देख रेख विभागीय अधिकारियों के द्वारा ही किया जावे।

(8)आशा द्वारा किसी भी वर्ष के किसी भी महीने में किये गये कार्य का भुगतान लम्बित है, ऐसे प्रकरणों की जांच कर भुगतान कराया जावे।

(9)ग्वालियर में डेलिवरी कराकर लौटने के दौरान दुर्घटना में मारे गये आशा कार्यकर्ता शगुना सेन के आश्रितों को बीमा राशियों, मृत्यु में मिलने वाली एकमुश्त राशि के अतिरिक्त विभाग की ओर से एक लाख रुपये की राशि प्रदान किया जावे।

# कांग्रेस ने जारी किया जन घोषणा पत्र, नगर निकाय चुनावों के लिए किए बड़े वादे जो होंगे पूरे

### चिरमिरी के होटल अलवीना में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं प्रदेश प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग ने ली प्रेस वार्ता

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



**चिरमिरी ।** कांग्रेस ने नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर अपना जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पुरे प्रदेश सहित नगर निगम चिरमिरी में भी नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं प्रदेश प्रभारी जरिता लैतफलांग, पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, प्रदेश सचिव सुभाष कश्यप सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि यह घोषणा पत्र जनता की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, प्रदेश भर के सभी जिलों में यह घोषणा पत्र एक साथ जारी किया गया, जिसमें कांग्रेस ने महिला सुरक्षा, शहरी विकास, युवाओं को रोजगार, गरीबों के कल्याण और प्रशासनिक पारदर्शिता को मुख्य प्राथमिकता दी है।

घोषणा पत्र की प्रमुख बातें जिसे कांग्रेस ने जनता के संमुख लाया जो कि तालाबों का संरक्षण और सौंदर्गीकरण, घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, महिला सुरक्षा के लिए चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेजों के पास सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, ऑटो और ई-रिक्शा के लिए पार्किंग और चार्जिंग सुविधा, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित करने के प्रयास, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क लाइब्रेरी की स्थापना, पेंशन योजनाओं में वृद्ध, दिव्यांग व निराश्रितों को पात्रतानुसार लाभ, सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा, घर बैठे ऑनलाइन बिल भुगतान और प्रमाणपत्रों की होम डिलीवरी, युवाओं के लिए 卐यूथ हब卐 की स्थापना, महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार के अवसर, स्कूली छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकिन की सुविधा, नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम की व्यवस्था, नगरों को आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान, पूर्व विधायक एवं महापौर प्रत्याशी डॉ.विनय जायसवाल ने कहा कि उनकी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह रहेगी और नगर निकायों में पारदर्शी शासन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ये सभी वादे प्राथमिकता के साथ पूरे किए जाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना आलोट का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी




**आलोट** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा मंगलवार को थाना आलोट का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर, हवालात, मलखाने, रजिस्टर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था का जायजा लिया। कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं कंजर समस्या से निपटने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश एसडीओपी आलोट श्रीमति शाबेरा अंसारी एवं थाना प्रभारी आलोट शंकर सिंह चौहान को दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने की सीमा क्षेत्र पर कंजरो के आने जाने के रास्तों का निरीक्षण किया। चिह्नित स्थानों पर नाकाबंदी करने, मुखबिर तंत्र सक्रिय करने, रात्रि गश्त में विशेष सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान आईपीएस प्रशिक्षु विक्रम अहिरवार, सीएसपी जावरा दुर्गेश आर्मो, एसडीओपी आलोट श्रीमति शाबेरा अंसारी, थाना प्रभारी आलोट शंकर सिंह चौहान, थाना प्रभारी बरखेड़ा श्रीमति रेखा चौधरी, सूबेदार श्रीमति मोनिका चौहान आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। रेडक्रॉस समिति द्वारा थाना स्टाफ का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। उपस्थित थाना आलोट थान ताल स्टाफ एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का बी पी, शुगर, इसीजी, ब्लड टेस्ट, आंखों की जांच गई। इसके बाद आलोट से प्रॉपर्टी ब्रोकर जो कि लोगों के पेमेंट लेकर भाग गए हैं।उनके खिलाप कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।

# मृगन्नाथ धाम में यज्ञ व भागवत कथा की भव्य तैयारी

## 19 फरवरी से होगा सुभारम्भ 29 समाप्त

बृजेश ठाकुर जिला ब्यूरो



बाड़ी, महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाड़ी से 6 किलो दूर दक्षिण में स्थित निम्माकृ आश्रम कांशिया पाटनी मृगनाथ धाम (बाड़ी) में 19 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा एवं यज्ञ की तैयारी कर दी गई है। श्री श्री 1008 महंत श्री हरिदास जी महाराज आशिर्वाद से यज्ञ प्रारंभ होगा जिसमें यज्ञाचार्य पंडित प्रदीप दुबे जी मालझिर एवं ब्रह्मा सीताराम उपाध्याय होंगे। कथा वाचक श्री श्याम भैया वृंदावन भागवत रस की गंगा बहाएंगे । विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पावन वादियों में स्थित निम्मार्क आश्रम मृगनाथ धाम सिद्ध साधु संतों की तपोभूमि रहा है। यह अनेक रहस्य रोमांचक पर्यटन स्थानों से भरा पड़ा है। इसी के नजदीक है रहस्यमयी मृगनाथ गुफा,आदि मानव काल से यह गुफा रहस्य और रोमांच से भरी पड़ी है यह गुफा कई किलोमीटर तक जमीन के अंदर तक है । इस गुफा का अंतिम छोर आज तक किसी को नहीं मिला है। कांसिया पाटनी मृगनाथ धाम के संत शिरोमणि महंत श्री हरिदास जी महाराज ने बताया की यह गुफा पुरातन काल से योगियों, ऋषि, मुनियों की साधना स्थली रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर विद्यार्थियों ने निकाली जन जागरूकता रैली

### जन सामान्य को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों की दी जानकारी

केसरिया हिंदुस्तान




**बैतूल।** भारत-भारती जामठी स्थित ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण, जन जागरूकता रैली तथा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकोत्तर स्टॉफ, हॉस्पिटल स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को कैंसर कारकों को अपने जीवन से दूर करते हुए बैतूल से कैंसर मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने की शपथ दिलवाई। इसके बाद महाविद्यालय परिसर से विद्यार्थियों ने जन जागरूकता रैली निकाली, जो प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से जन सामान्य को कैंसर से होने वाले नुकसान एवं कैंसर मुक्त देश के लिए तम्बाकू के सेवन को त्यागने की समझाईश दी।

शिविर में मरीज को दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्थित श्री ओम हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में रोगियों की जांच कर निःशुल्क उपचार किया गया। इस दौरान शिविर में आए मरीजों को डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हुए नियमित योग करने, पर्याप्त नींद लेने तथा पोषण युक्त भोजन करने की बात कही।



# रेत का अवैध परिवहन करते तहसीलदार ने तीन ट्रैक्टर किये जब्त

ओमप्रकाश परमार,

**देवास।** अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। रेत एवं मुरम का अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम कन्नौद प्रवीण प्रजापति ने बताया कि देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार कन्नौद में तहसीलदार श्रीमति अंजली गुप्ता एवं नायब तहसीलदार राकेश यादव ने कन्नौद के बहिरावद मार्ग पर बालुरेत का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर जब्त किए है। मुखबिर की सूचना पर पटवारी और राजस्व दल के साथ रेत के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर जांच में लिया गया । आगे भी रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्यवाही जारी रहेगी।

# जिले में नहीं मिल रहे बीपी,शुगर के मरीज

## म.प्र के पांच फिसड्डी जिलों में राजगढ़ भी शामिल, स्पंदन अभियान अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़



**राजगढ** - जिले में बीपी और शुगर की बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या बहुत कम है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि जिले की कुल आबादी के हिसाब से 1 लाख 69 हजार 168 बीपी के और 55 हजार 923 शुगर के मरीज अभी तक चिन्हित हो जाना चाहिए थे। एनएफएचएस के सर्वे अनुसार 30 वर्ष से अधिक आयु के 23.5 प्रतिशत बीपी और 13.5 प्रतिशत शुगर के मरीज मिलना चाहिए। जबकि जिले में 50 हजार 122 बीपी और 28 हजार 371 मरीज शुगर के मिल सके हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान बीपी और शुगर के कम मरीज खोजने वाले जिलों में राजगढ़ जिले का नाम भी सामने आया है। इसीलिए जपाइगो के सहयोग से जिले में बुधवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया। जिला प्रशिक्षण केंद्र में पहले दिन समस्त ब्लाकों के बीएमओ, बीपीएम और फार्मासिस्ट को बुलाकर प्रशिक्षित किया गया उसके बाद अन्य मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीडी के सहायक जिला नोडल अधिकारी श्री आनंद भारद्वाज ने बताया कि अगामी चरण में सीएचओ, एएनएम, आशा, आशा सुपरवाईजर सहित अन्य मैदानी अमले को बीपी और शुगर के मरीजों को खोजने एवं उनका उपचार करने संबंधी प्रशिक्षण देकर जल्द ही जिले का निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जपाइगो से स्टेट लीडर डॉ. ज्योति बनावरी, डॉ. रवि, डॉ. वरूण, डॉ. याकूब, श्री स्वागत कुमार एवं श्री मनीष सिंह मौजूद रहे।

# एक जिला एक उत्पाद योजनांतर्गत कृषि की नई तकनीकी कृषकों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - एक जिला एक उत्पाद योजना अंतर्गत कृषक जिले के बाहर कुल 30 कृषकों को प्रशिक्षण हेतु कृषक दल को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता /गौरव पटैल और अपर कलेक्टर मीना मसराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर भेजा गया हैं। यहां कृषक 5 दिन खेती के बारे में नवीनतम तकनीक एवं उन्नत किस्मों, मूल्य संवर्धन तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दौरान उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत, लीड बैंक अधिकारी नरेंद्र सोनी, सहायक संचालक कृषि जे. एल. प्रजापति, दल प्रभारी जिला सलाहकार गिरवर पटेल सहित किसान बंधु मौजूद रहे।

# जाति प्रमाण पत्र अभियान में रूचि नहीं लेने वाले 11 जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं 22 जनशिक्षकों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश

### अपार आई डी जनरेट करने में सहयोग नहीं करने पर 26 प्राईवेट स्कूलों की मान्यता निरस्ती का नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

### लोक सेवा केन्द्र खिलचीपुर पर किया 25 हजार का जुर्माना अधिरोपित

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़



राजगढ -कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रोरेट सभागार में जिले के समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं बी.आर.सी. की बैठक ली। बैठक में बताया की स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं की अपार आईडी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जीरापुर, खिलचीपुर, राजगढ़, सारंगपुर, ब्यावरा द्वारा बताया गया कि 26 अशासकीय विद्यालय अपार आईडी जनरेट करने में सहयोग नहीं कर रहें। जिस पर कलेक्टर ने शहीद भगत सिंह स्कूल भिलवाडिया, उडान इंटरनेशनल सुठालिया, एच.एस. के.सी. कान्वेंट ब्यावरा, एसएसएम देवलीसांगा, गुरू आदर्श कान्वेंट एससीएच भाठखेडा, सरस्वती शिशु मंदिर पिपल्याकला, श्री कृष्णा कान्वेंट स्कूल बामनगांव, सरस्वती पब्लिक स्कूल किला अमरगढ़, तालीमुल इस्लाम भाराद्वारी, अर्चना कान्वेंट स्कूल खुजनेर, संस्कार एजुकेशन एकेडमी खुजनेर, एसएसएम कचरिया भाई, इंडियन पब्लिक स्कूल सारंगपुर, तालीमुल इस्लाम अमन खेल सारंगपुर, सरस्वती शिशु मंदिर पडाना, मदरसा इल्मिया मुमताज सारंगपुर, सरस्वती शिशु मंदिर भंडावद, गीतांजली पब्लिक स्कूल जीरापुर, वंदना पब्लिक स्कूल भंडावद, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल धतरावदा, शिवम पब्लिक स्कूल टपरिया हेडी, विक्रम साराभाई ऐकेडमी जीरापुर, आदर्श विवेकानंद एमएस जीरापुर, एच.एस. अंचल कान्वेंट स्कूल जीरापुर एवं एच.एस. विजया कान्वेंट जीरापुर को मान्यता निरस्ती का नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में अपार आईडी बनाने के कार्य अभियान मोड़ में करें। संतुष्टी पूर्वक कार्य नहीं करने पर कर्यावाही प्रस्तावित की जाएगी।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ई-केवायसी की प्रतिदिन समीक्षा करें। जाति प्रमाण पत्र अभियान में संतुष्टि पूर्व कार्य नहीं करने पर जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी शासकीय बालिका हायर सकेंडरी स्कूल सुठालिया, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल भिलवाडिया, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल उत्कृष्ट खिलचीपुर, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल बालिका छापीहेडा, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल उत्कृष्ट नरसिंहगढ़, शासकीय हाई स्कूल कीलखेडा, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल बालिका खुजनेर, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल बालिका पचोर, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल गुलावटा, शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल माचलपुर एवं शासकीय हाई स्कूल कोडक्यिा के 22 जनशिक्षकों एवं 11 जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लोक सेवा केन्द्र खिलचीपुर द्वारा जाति प्रमाण-पत्र अभियान में संतुष्टि पूर्वक कार्य नहीं करने पर 25 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए।

# प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञापन लेने किसानों के बीच पहुंचे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

### खेती व किसानों की योजनाओं के क्रियान्वयन में ध्यान देगी सरकार-जगदीश देवड़ा

### ज्ञापन में सौंपी समस्याओं व मांगो पर कार्य करने का देवड़ा ने दिया आश्वासन

### किसानों के सामने नतमस्तक दिखी सरकार

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा
भोपाल..9425727854

**भोपाल** – ''सस्ती बिजली, खाद और पानी, मांग रही है आज किसान'' और ''हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते'' के नारों का उद्घोष करते प्रदेश के हजारों किसान राजधानी भोपाल पंहुचे और अपनी मांगों व समस्याओं का ज्ञापन प्रदेष सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। किसानों की समस्याओं व मांगों को धैर्यपूर्वक सुनकर किसानों को संबोधित करते हुये उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेष के मुख्यमंत्री मोहन यादव किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को वल्लभ आने की आवष्यकता नहीं है, वल्लभ भवन को चलाने वाली सरकार ही किसानों के बीच जायेगी। श्री देवड़ा ने आगे कहा कि खेती व किसानों की योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रशासनिक कमी है। सरकार समीक्षा कर उस कमी को दूर करेगी। इसके साथ ही ज्ञापन में जो समस्यायें व मांगे किसानों ने रखी है। उस पर सरकार काम करते हुये उन्हें दूर करने का प्रयास भी करेगी।

**किसानों ने समस्याओं का थैला सौंपा :** भारतीय किसान संघ मध्यभारत प्रांत ने किसानों से अपनी राजस्व व अन्य समस्याओं को प्रमाण के साथ लाने कहा था। प्रदेश भर से आये किसानों की समस्याओं का थैला मंच पर ही ज्ञापन के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। जिस पर उन्होंने कार्यवाही करने की बात कही।

**प्रशासन व सरकार पर जमकर बरसे किसान :** प्रदेशभर से आये किसानों का आक्रोश उनके भाषड़ों में देखने मिला। किसान राजस्व, सिंचाई, खाद, बीज, बिजली, पशुपालन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, मंडी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन व सरकार से नाराज दिखा और प्रशासन व सरकार को खरी खोटी सुनाते हुये जमकर भड़ास निकाली।



ये रहे शामिल: भारतीय किसान संघ के अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन घेराव कार्यक्रम में किसान संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस वासोतिया, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने भी संबोधित किया। इस के साथ ही प्रांत महामंत्री शिवनंदन रघुवंषी, पवन शर्मा, प्रांत प्रचार प्रमुख राहुल धूत, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, नमोनारायण दीक्षित, कैलाश ठाकुर, जगराम यादव सहित प्रांत भर से आये जिलों के अध्यक्ष, प्रांत, प्रदेश पदाधिकारियों सहित हजारों की तादाद में प्रदेश भर से आये किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच संचालन प्रांत कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी ने किया।

पटवारी से लेकर कलेक्टर तक से किसान परेशान– सर्वज्ञ दीवान

मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने बताया कि जिला स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भृष्टाचार से किसान परेशान हो गया है। समस्याओं व मांगों के अनेक ज्ञापन देने के बावजूद भी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिये मजबूरीवश किसानों को सरकार व प्रशासन से सीधा संवाद करने राजधानी भोपाल की सड़कों पर आकर अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन का घेराव कर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। किसान पटवारी से लेकर जिला प्रषासन तक की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है।

ये हैं प्रदर्शन कर रहे किसानों की प्रमुख मांगे

1. फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, ऑनलाइन रिकॉर्ड व नक्शा सुधारा जाए।
2. हॉर्स पावर क्षमता वृद्धि वापिस ली जाये, जले ट्रांसफार्मर व लाइनें समय सीमा में बदली जाए।
3. डीएपी, यूरिया खाद सहकारिता के माध्यम से नगद वितरण समय पर किया जाए।
4. सभी मंडियों में फ्लेट कांटो से तुलाई अनिवार्य की जाए। मंडी परिसर में ही भुगतान हो।
5. नकली दूध बनाने वालो पर सख्त कार्रवाई हो, गौ अभयारण्य खोले जाएं।
6. प्रस्तावित व स्वीकृत नहरों के कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।
7. सभी फसलों को एमएसपी से नीचे नहीं खरीदा जाए।
8. किसानों के झूठे प्रकरण वापिस हों।
9. पूसा बासमती धान को जीआई टैग दिलाया जाए।
10. धान 3100 रुपए व गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाए।

## डिवाइन इंग्लिश स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पम्मू मयूर राठौर को किया सम्मानित

### डिवाइन परिवार ने मयूर को समाज सेवा के सम्मान से नवाजा




केसरिया हिंदुस्तान

**बैतूल।** बैतूल बाजार के डिवाइन इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बालाजीपुरम मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर के युवा समाजसेवी मयूर पम्मू राठौर को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मयूर राठौर 26 जनवरी को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, नगर परिषद श्रीमती दुर्गावती संजय वर्मा के द्वारा भी सम्मानित हुए है। रक्तदान समिति के माध्यम से श्री राठौर जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने में सदैव आगे रहते हैं। हेल्पिंग मिशन नामक संस्था द्वारा युवाओं की टीम बनाकर गरीब बच्चों को कपड़े, शिक्षण सामग्री आदि के वितरण में भी पम्मू मयूर की महती भूमिका है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के तहत गायत्री परिवार के साथ मिलकर पौधरोपण में अपनी टीम के साथ पूर्ण सहयोग किया जाता है। मयूर को सेवा सम्मान मिलने से नगर में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस कामयाबी से अन्य युवाओं में भी सेवा कार्यों के प्रति ललक बढ़ी है।

## रामपुर बाघेलान तहसीलदार के खिलाफ सात फरवरी को करुगा आत्मदाह नागेन्द्र सिंह करमऊ

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

नि प्र करमऊ रामपुर बाघेलान तहसीलदार राज सिह कुशराम के खिलाफ सात फरवरी 2025 को रामपुर बाघेलान तहसील कार्यालय के सामने समय 11 बजे आत्मदाह करुंगा उक्त जानकारी आखिल भारतीय बनबासी बिकाश परिषद के जिला हित रक्षक प्रमुख नागेन्द्र सिंह करमऊ ने प्रेस जारी बयान मे बताया कि ग्राम पंचायत करमऊ मे मध्य प्रदेश शासन कि आराजी नंबर 880,881,882,883 जो मध्य प्रदेश शासन कि आराजी है उस आराजी मे मध्य प्रदेश शासन की रोड आम रास्ता दर्ज है उस



आराजी का सीमांकन किया गया पटबारी आर आई के द्वारा रामपुर राजस्व न्यायालय में साबित हुआ जिसकी पुष्टि रामपुर अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा किया गया की मध्य प्रदेश शासन की आराजी मे आम रास्ता रोड दर्ज है रोड का निर्माण कार्य कराया जाए लेकिन रामपुर राजस्व अधिकारी राज सिंह कुशराम के द्वारा आज 7 महीने बीत गए जो लोग अवैध कब्जा किए हैं आज तक बेदखली का आदेश नहीं किया गया आज 50 परिबार? के लोग रोड के अभाव से परेशान हैं वहीं नागेंद्र सिंह करमऊ ने रामपुर राजस्व अधिकारी राज सिंह कुशराम ने जो लोग अवैध मध्य प्रदेश शासन की जमीन पर कब्जा किए हैं उनसे मोटी रकम लेकर केस को दफा दफा कर दिया गया है आज तक बेदखली का आदेश नहीं किया गया इन सब मुद्दों को लेकर मैंने एक माह पहले जिला में हजारों की तादाद में जनता को लेकर गए थे और प्रदेश के मुखिया के नाम पर ज्ञापन दिए थे लेकिन आज तक अवैध कब्जाधारियों से मध्य प्रदेश शासन की आराजी को मुक्त नहीं कराया गया है इन सब मुद्दों को लेकर हम दिनांक 7 फरवरी 2025 समय 11ः00 बजे स्थान रामपुर तहसील कार्यालय के सामने आत्मदाह करूंगा जिसकी सूचना मैंने क्षेत्र के संबंधित थाना प्रभारी रामपुर अनविभागी अधिकारी हुआ प्रदेश के मुख्यमंत्री को सूचित कर दिया हूं

## राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक बकायादारों पर होगी सख्त कार्रवाई-डॉ.सोनवणे



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

निगम आयुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक ली ।बैठक में जोनवार वसूली की स्थिति की जानकारी ली गई ।आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर वसूली अभियान तेज करें ।बड़े बकायादारों की पहचान कर वसूली की जाए और कर न चुकाने वालों पर तालाबंदी की कार्रवाई की जाए ।आयुक्त ने सभी एआरआई (सहायक राजस्व निरीक्षक) को निर्देश दिए कि अपने-अपने वार्डों के बारात घरों से तीन दिवस के भीतर बकाया कर वसूली करें ।इसके साथ ही, जलकर वसूली की भी समीक्षा की गई ।जिसमें अधिकारी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर जलकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए ।डॉ.सोनवणे ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह का इंतजार किए बिना फरवरी में ही अधिकतम कर वसूली की जाए ।उन्होंने स्पष्ट किया कि कम वसूली वाले वार्ड प्रभारियों को यदि प्रदर्शन में सुधार नहीं होता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।साथ ही परफॉर्मेंस न सुधारने वालों के वेतन आहरण पर रोक लगाने की चेतावनी दी ।बैठक में उपायुक्त दीपक पटेल,सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी,सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी,रवींद्र सिंह, उपराजस्व निरीक्षक विष्णू लखेरा,शकील अंसारी,उपेंद्र मिश्रा,बालेंद्र सिंह सहित सभी राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक नीतू हजारी एवं शिक्षक अभिनंदन दुबे ने मध्यान्ह भोजन का लिया जायजा



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह – जिले के तेंदूखेड़ा सी.एम.राइज स्कूल से अच्छी तस्वीरे देखने को मिली, जहां मां भारती स्व सहायता समूह द्वारा बच्चों को परोसे गये मध्यान्ह भोजन का स्कूली प्रधानाध्यापक नीतू हजारी और शिक्षक अभिनन्दन दुबे ने ना केवल जायजा लेते हुए स्वाद चखा बल्कि बच्चों के बीच हंसी ठिठोली भी करते हुए नजर आये। दरअसल, यह तस्वीरें मंगलवार के दिन की है, जब स्थानीय समूह द्वारा पोषण आहार में बच्चों की थाली में खीर, पूड़ी और सब्जी परोसी गई थी। प्रतिदिन की भांति अचानक खाने का जायजा लिया। शिक्षक अभिनन्दन दुबे बच्चों के साथ बेंच पर बैठकर भोजन का स्वाद लेते हुए भी दिखे।

## महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाली कथा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने किया कुबेरेश्रवर धाम का निरीक्षण

### कथा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

आगामी 25 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कथा स्थल के आसपास के स्थानों तथा मार्गों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए उन्हें समय पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच कर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को भली-भांति समझने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री बालागुरू के ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी श्री गीतेश गर्ग, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, सीएसपी श्री निरंजन सिंह राजपूत, सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नए बिजली कनेक्शन के लिए अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से करें आवेदन

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़

**राजगढ** – विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेषक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.ऑलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है जिसके अनुसार अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन आसानी से मिलेगा। इसके अतिरिक्त गैर कृषि उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी , पीएम सीएम किसान सम्मान निधि लाभार्थी का सत्यापन तथा पूर्व से विद्यमान कनेक्शन में भार वृद्धि, नाम परिवर्तन इत्यादि की सुविधा भी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से मिलेगी।

## बसंत पंचमी पर पत्रकारों ने मां सरस्वती का किया पूजन



ओमप्रकाश परमार,

**देवास।** जिले के कन्नौद मे तालाब मोहल्ला स्थित श्री बडकेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे पंडित कमलेश शर्मा के सानिध्य में पत्रकारों ने मॉ सरस्वती प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। इस आयोजन मे पत्रकारो, साहित्यकारो, समाजसेवियो जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति मे वसंत पंचमी पर व्याख्यान दिया गया। पत्रकार विनोद भूतडा ने बताया कि कार्यक्रम मे विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कैलाश कुण्डल, वरिष्ठ नागरिक हरिप्रसाद उपाध्याय, शंकर लाल सोनी, रमेशचंद डाबी, कमल गर्ग, हरिश शर्मा, अनोखी लाल चौहान, श्री रामपटेल,भरत शर्मा, गौरव शर्मा, हरिश दूबे, महेश परमार, मांगीलाल मालवीय, नरेंद्र साहू, दीपक धुत, ओम प्रकाश परमार अतुल गुप्ता, संजय शर्मा, सुरेश जोशी, अभय उपाध्याय, मुकेश व्यास अजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीहोर की मौली ने हासिल किया प्रथम स्थान

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजसेवी अखिलेश राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि कराटे एक मार्शल आर्ट है जो शारीरिक फ़िटनेस और अनुशासन सिखाता है। इससे आपकी ताकत, चपलता, और धीरज बढ़ती है. कराटे सीखने से आपको आत्मविश्वास मिलता है और आप असुरक्षित स्थिति में खुद को बचा सकते हैं। उन्होंने पुरस्कार वितरण भी किया। समापन अवसर पर




एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर, मनोज दीक्षित मामा और त्र्यंबक ठाकुर आदि शामिल थे।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के बालिका वर्ग 21 से 25 मे प्रथम स्थान मौली द्वितीय स्थान आशिका और 26 से 30 मे आरुषि सूर्यवंशी प्रथम और देवांशी परिहार द्वितीय रूही राज एवं गाऊँ बडगुजर 31से 35 किलोग्राम मे प्रथम पायल बागबां द्वितीय राखी परमार तृतीय मे राधिका मालवीय वनशिका पठारिया, 41 से 45 किलोग्राम में प्रथम एंजल द्वितीय निकिता जायसवाल दिशा परमार तृतीय रहीं, 46 से 50 किलोग्राम मे सुहानी सिसोदिया प्रथम आकांक्षा शाक्य द्वितीय 51 से 55 मे कीर्ति वर्मा प्रथम और प्रियांशी वर्मा द्वितीय रहीं और ओपन वर्ग मे साधना परमार प्रथम स्वाति सिंह द्वितीय रहीं बालक वर्ग मे 16 से 20 आरुष गौर प्रथम जयेश कुशवाह द्वितीय निश्चय सिंह तृतीय रहे 21 से 25 मे अनुराग मेवाड़ प्रथम मयूर द्वितीय मृदुल सिंह तृतीय 26 से 30 देवाश वर्मा प्रथम रुद्र परमार द्वितीय उजेर खान और अवनीश तृतीय रहे 31 से 35 मे सौरभ प्रथम आयुष सिंह द्वितीय मानव राठौर तृतीय रहे 36 से 40 रजत श्रेष्ठ प्रथम श्रेष्ठ चौधरी, द्वितीय अयमान तृतीय रहे 41 द्वद्व 45 वर्ग मे वेदांत मारण प्रथम योगेश कोटिया द्वितीय ध्रुव इटावदिया तृतीय रहे 46 से 50 द्वद्व मे अयमान सिद्दीकी प्रथम राघव राय द्वितीय रहे 51 से 55 द्वद्व मे दृश्यम यादव प्रथम अथर्व त्यागी द्वितीय रहे 61 से 65 किलोग्राम में अक्षत श्रोत्रिय प्रथम रहे ओपन मे रोहित कैथवास विजेता रहे।

## सहायक यंत्री जिज्ञासा दीक्षित से दलित बस्ती ग्राम झरखेड़ी आष्टा में सेवादल अध्यक्ष खंगराले ने हेण्डपम्प लगाने की मांग

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**आष्टा।** सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, राजकुमार चौधरी मोबाईल टावर ठेकेदार, चन्दरसिंह केथवाल ने लो.स्वा.यां.विभाग सहायक यंत्री आष्टा सुश्री जिज्ञासा दिक्षित को ज्ञापन सौंपा कर ग्राम झरखेड़ी, जनपद पंचायत विकास खण्ड आष्टा जिला सीहोर की दलित बस्ती में भीषण जल संकट को देखते हुए हेण्डपम्प लगाये जाने की मांगी की। इस मौके पर खंगराले ने बताया कि हेण्डपम्प लगाये जाने के लिये उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, आयुक्त राजस्व भोपाल सम्भाग, सचिव राज्य अनुसूचित आयोग, कलेक्टर, प्रमुख अभियन्ता पीएचई, कार्यपालन यंत्री पीएचई खण्ड सीहोर से भी मांग की गई थी। कार्यपालन यंत्री सीहोर द्वारा सहायक यंत्री पीएचई आष्टा सुश्री जिज्ञासा दिक्षित से प्राकलन तैयार कर प्रस्ताव जिले को भेजने के आदेश किये गये थे। जिस पर सहायक यंत्री सुश्री दिक्षित द्वारा लोटती डांक से जावक क्रं. 124/ दिनांक 4 फरवरी 2025 दलित बस्ती झिकड़ी में हेण्ड पम्प लगाये जाने का प्रस्ताव कार्यपालन यंत्री जिला सीहोर को भेजा गया है। झरखेड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच रघुवीर सिंह सेंधव पटेल, सचिव प्रकाश खत्री अनुसूचित जाति के रतन, निर्मल, भरत, बाबूलाल, कैलाश, कृपाल सिंह, आजाद सिंह, प्रेमबाई, सिवित्री बाई, सुशीला बाई, पूजा बाई, मानू बाई, संगीता सहित सभी जांगड़ा समाज ने बताया कि ग्राम झिकड़ी में भारी जल संकट व्याप्त है। एक किमी दूर से पानी लेकर आना पड़ता है। उक्त ग्राम में चन्दर सिंह केथवाल के घर के पास अनुसचित जाति बस्ती में जिला प्रशासन से नलजल योगना व हेण्डपम्प लगाने की कई दिनों से मांग की जा रही है, किन्तु कोई सुनवाई नही की जा रही है। दलित ग्रामीणजनों द्वारा शीघ्र भीषण जल संकट समस्या के निराकरण की मांग की गई है। इस मौके पर मांगीलाल पाटीदार सरपंच नीलबड़, घासीराम पाटीदार पटेल नीलबड़, पूर्व सरपंच समशेर खान ग्रामफुडरा के लोग भी उपस्थित रहे।



# छिंदवाड़ा मातारानी का विशाल जीर्णोद्धार के लिए किया अनुष्ठान

मारुति लाल विश्वकर्मा

छिंदवाड़ा/जिले की प्रमुख आस्थास्थली श्री बड़ी माता मंदिर में पंचदिवसीय जीर्णोद्धार प्रतिमा चालन विधि की शुरूआत विधिवत तरीके से की गई। इस दौरान बुधवार प्रातः काल 3 बजे से मातारानी के सेवादारों के द्वारा सभी प्रतिमाओं का अभिषेक जिसमें दूध दही घी मधु शक्कर के साथ माई का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात मातारानी के दिव्य मंत्रजाप 1008 अर्चन पूजन की विधि का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें काजू किशमिश बादाम के साथ मातारानी का अर्चन मंदिर के सेवादारों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात समस्त भक्तगणों के द्वारा प्रातः काल 8 बजे से मातारानी जी की आरती की गई। विधि विधान पूर्वक मातारानी के पंच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम रूप से मुख्य यजमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष सोनी सहपत्नी रिंकी सोनी के द्वारा नवग्रह पूजन पाठ किया गया। इसके पश्चात यजमान संतोष सोनी नी का पंचद्रव्य दशविधि इष्टान स्नान किया गया। इसी तारतम्य में प्राश्चित होम, शालिग्राम पूजन, गणपति पूजन, पश्चात 11 ब्राह्मणों द्वारा , वरण करते हुए दुर्गा सप्तशति का 11 महापठ किया गया। इसके पश्चात ब्राह्मण भोजन दक्षिणा कार्यक्रम भी किया गया। साथ ही संध्या काल में भगवती का होम पूजन 5 बजे से 6 बजे तक किया गया। प्रथम दिवस में दिन भर अनुष्ठान पूजन विधि विधान पूर्वक संध्या काल तक पूजन कार्य सम्पन्न किया गया। साथ संध्या काल में 7 बजे से मातारानी को भक्तों के द्वारा छप्पन भोग अर्पित किया गया। वहीं रात्रि 8 बजे मातारानी की भव्य आरती सामूहिक रूप से की गई। जिसमें भक्तों के द्वारा आरती थाल दीपक की साज सज्जा कर के आरती विशेष का पुण्य लाभ अर्जित किया गया। आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें असंख्य भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं आज मंदिर के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजाउपचार पूजन, प्राश्चित पूजन, ब्राह्मण भोज के साथ रात्रि कालीन आरती 8 बजे से एवम् मातारानी को 56 भोग प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

# इंटास फाउंडेशन द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान




बाड़ी,विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में इंटास फाउंडेशन भोपाल द्वारा बी एस एस एस कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इसके रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कॉलेज के छात्रों के साथ जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल से डॉ संगीता सिंह द्वारा पावर पॉइन्ट प्रेजेंट के माध्यम से बताया गया कि कि कैंसर किन किन कारणों से होता है और इससे कैसे बचा जा सकता है, कैंसर के मानसिक और भावनात्मक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद सभी छात्रों के साथ कैंसर से संबंधित प्रश्नोत्तर गतिविधि की गई, और सही ज़वाब देने वाले छात्र को पुरुस्कार दिया गया. कार्यक्रम में इंटास फाउंडेशन से राजेश चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. बी एस एस एस कॉलेज से डॉ. शीबा जोसेफ डॉ. रुत्विक जे. गंधे (एचओडी, सामाजिक कार्य विभाग) लोकेश भारतीय जी (सहायक प्रोफेसर) अतुल विश्वकर्मा जी (सामाजिक कार्य विभाग) स्टेला एल्सा सैमुअल जी (सहायक प्रोफेसर) डॉ. नम्रता श्रीवास्तव (सहायक प्रोफेसर) संजीत डे (सहायक प्रोफेसर) दिव्यांकुर तिवारी (सहायक प्रोफेसर) सामाजिक कार्य और अर्थशास्त्र विभाग के सभी संकाय सहायक प्रोफेसर सदस्य एवं छात्रगण ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ : सीएमओ डा. सर्वजीत सिंह

## आम नागरिकों को बाजार से 70 से 80 फीसदी कम एमआरपी पर कराई जाएगी दवाइयां मुहैया




**नूंह नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र का शुभारंभ जिला नूंह के सिविल सर्जन डा. सर्वजीत द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए जिला नूंह के सिविल सर्जन डॉ सर्वजीत ने बताया कि इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जैनरिक दवाईयों के एमआरपी ही बाजार मूल्य से 70 से 80 प्रतिशत तक कम किए गये है। सरकार द्वारा %जन औषधि केंद्र% बनाए गए हैं, जहां जेनरिक दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है।

जेनरिक दवाईयां ब्रांडेड या फार्मा की दवाईयों के मुकाबले सस्ती होती है, जबकि प्रभावशाली उनके बराबर ही होती है। प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना मूलतः जनता को सस्ती एवम उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ मुहैया करने के लिए शुरू की गयी हैं ताकि जनता समझ सके कि ब्रांडेड मेडिसिन की तुलना में जेनेरिक मेडिसिन कम मूल्य पर उपलब्ध हैं साथ ही इसकी क्वालिटी में किसी तरह की कमी नहीं हैं। यह जेनेरिक दवायें अब नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र पर मौजूद हैं जिन्हें आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। इस योजना में आम नागरिकों को बाजार से 70 से 80 फीसदी कम एमआरपी पर दवाइयां मुहैया कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा हर जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र खोल रही है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी परियोजना के अंतर्गत लगभग 2000 से ज्यादा दवाओं और उपकरणों को शमिल किया गया है। आमजन को इस परियोजना से बहुत फ़ायदा होगा।

जिला नूंह के नोडल अधिकारी (जन औषधी परियोजना) डॉ नवीन यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आम जनता को बाजार से महंगी दवाइयां खरीदनी पडती है। अब नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र खुल गया है जिसमे जेनेरिक मेडिसिन उपलब्ध है जिसका एमआरपी सरकार द्वारा बाजार की दवाओं के मूल्य से 70 से 80 फीसदी कम रखा गया है। उसी सरकार द्वारा निर्धारित कम एमआरपी पर ही दवाओं को बेचा जायेगा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आमजन को इस परियोजना का लाभ अवश्य उठाना चाहिए।

इस मौके पर उप-सिविल सर्जन डॉ विशाल सिंगला, डॉ केएम शर्मा, डेंटल सर्जन डॉ सुशील डोकवाल, प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ नसीम अहमद, आरएमओ डॉ प्रवीन राज तंवर, डॉ चाँद सिंह, डा. गजेंद्र, डा. रिची सूद, डा.सौरभ, फार्मेसी अधिकारी आस मोहम्मद सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।

# गागलहेडी थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज कैलाशपुर में मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों जाती राम






सहारनपुर गागलहेडी थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज कैलाशपुर में 卐मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत छात्राओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया गया जागरूक

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना 卐मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से 卐मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया

# उप मंडी वीरपुर में फसलों के विक्रय की बोली न लगने से किसानों को ओने पौने दामों में फसल बेचने मजबूर होना पड़ रहा

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



**बीरपुर** = कृषि मंडी बीरपुर को उप मंडी का दर्जा प्राप्त है । मंडी में निर्माण कार्य कर शासन की राशि को लगाया जाता रहता है । जिससे जिम्मेदार लोग अपना कमीशन बना कर जेब भर कर अपना विकाश करने में लगे है । लेकिन मंडी स्थापना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का जायज़ मूल्य दिला कर कृषि व्यबसाय की प्रगति कर किसानों की दशा सुधारना है ।

लेकिन बीरपुर उप मंडी किसानों को बरदान की जगह अभिशाप ही साबित हुई है । यह बीरपुर क्षेत्र के किसानों के साथ अन्याय हो कर मंडी अमले एवं व्यापारियों को बरदान साबित हो रहा है । मंडी के लाइसेंस धारी व्यापारी मंडी में नियमित बोली न लगा कर मनमाने तरीके से अपनी दुकानों पर फसल खरीदते हैं यह मंडी प्रशासन के कारण ही हो रहा है । इससे किसानों के साथ साथ मंडी को भी नुक्सान हो रहा है ।उक्त जानकारी किसान नेता जगदीश मिश्रा ने प्रेस को जारी व्यक्तव्य में दी है ।किसान नेता ने आगे बताया कि उप मंडी बीरपुर में फसलों की नियमित रूप से बोली लगाने के निर्देश जिला कलेक्टर ने मंडी प्रशासन को गत माह दिए , लेकिन मंडी के कर्ता धर्ताओं ने जिला प्रशासन के निर्देशों को क्रियान्वित न कर अपनी स्वेच्छाचारिता का परिचय दिया है । इससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है ।क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन से उप मंडी बीरपुर में फसलों की नियमित बोली लगाने की व्यबस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ।। मांग करने बालो में किसान नेता नरेश रावत पूर्ब जनपद अध्यक्ष , हरिओम शर्मा , अजय वरबारिया मिश्री रावत , जमुना मिश्रा पूर्व सरपंच ,उम्मेद रावत , लालपति रावत , मुन्नालाल पाराशर आदि शामिल है।

# राजीव चतुर्वेदी को मध्यप्रदेश शिवसेना राज्य प्रमुख की मिली जिम्मेदारी

## शुभचिंतकों सहित सिंगरौली शिवसेना जिला प्रमुख रामदयाल पाण्डेय ने दी बधाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



**सिंगरौली**/- सिंगरौली हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से उप मुख्यमंत्री शिवसेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में राजीव चतुर्वेदी को मध्य प्रदेश राज्य प्रमुख के पद से नवाजा गया है जहां राजीव चतुर्वेदी को भोपाल इंदौर उज्जैन सागर नर्मदा पुरम के राज्य प्रमुख के पद से सुशोभित किया गया है शीर्ष नेतृत्व में इनकी नियुक्ति पर यह विश्वास जताया है कि आप हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे के हिंदुत्व विचारधारा और धर्मवीर आनंद दिघे साहब की शिक्षाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देंगे शीर्ष नेतृत्व ने आपकी नियुक्ति पर यह भी विश्वास किया है कि आप अपने राज्य में शिवसेना को मजबूत करने के लिए सभी समान विचारधारा वाले लोगों का सहयोग लेते हुए अपने अधिकारों से सब कुछ करेंगे राजीव चतुर्वेदी के राज्य प्रमुख पद पर सुशोभित होने से पूरे मध्य प्रदेश के शिव सैनिकों में खुशी की लहर व्याप्त है जहां उनके

# धार्मिक व सामाजिक कार्यों के लिए ट्रस्ट हमेशा रहता है तैयार बर तैयार : अरविंदर वड़ैच

## मासिक बस यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के करवाए दर्शन

### भगवान के आशीर्वाद और भक्तों के प्यार के कारण 13 वर्षो से निरंतर जारी है बस यात्रा - डॉ.चावला, भसीन, अरोड़ा,जोड़ा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



राष्ट्रीय नौजवान सोशल एवं स्पोर्ट्स सोसायटी के धार्मिक यूनिट एकनूर सेवा ट्रस्ट रजि॰ द्वारा मासिक बस यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक संस्थानों के दर्शन करवाए गए। सो निहाल सत श्री अकाल अकाल... माता चिंतपूर्णी जी के जयकारों के बीच बस मजीठा रोड से रवाना हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा खडूर साहिब, गुरुद्वारा गोइंदवाल साहिब, गुरुद्वारा तपियाना साहिब, गुरुद्वारा बेर साहिब सुल्तानपुर लोधी, गुरुद्वारा हट्ट साहिब सहित नकोदर की दरगाहों के दर्शन करवाए गए। यात्रा को समाजसेवी रितेश शर्मा द्वारा रवाना करते हुए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अपनी दैनिक व्यस्तता से समय निकालकर ऐसी यात्राएं करना एक नेक कार्य है। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी सराहना की। यात्रा के दौरान धार्मिक भजन गायक सन्नी सिंह,जगदीश राज,लवलीन वड़ैच, आशारानी और बीबी अविनाश ने शब्द-भजन गायन करते हुए संगत को प्रभु के चरणों से जोड़ा।

संस्था के अध्यक्ष अरविंदर वड़ैच, सरपरस्त बलबीर भसीन काका,चेयरमैन डॉ. नरेंद्र चावला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष जतिंदर अरोड़ा, उपा चेयरमैन राजेश सिंह जोड़ा ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से श्रद्धालुओं को सैकड़ों विभिन्न मंदिरों, गुरुद्वारों व धार्मिक संस्थाओं के दर्शन करवाए जा रहे हैं। हर माह होने वाली बस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जाता है। जिनके सत्कार और प्यार की बदौलत यह यात्रा जारी है। इसके अलावा ट्रस्ट सभी प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यों में योगदान देने से कभी पीछे नहीं रहता। उन्होंने कहा कि हमारा ट्रस्ट धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहता है।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसके दौरान लगातार तीन दिन शिव भोले नाथ का नाम ध्यान (महिला संगीत), दूसरे दिन विशाल जागो तथा अगले दिन विशाल लंगर भंडारा के साथ शिव भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध जागरण और सूफी गायकों सहित धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकार हजारिया भरेंगे। यात्रा के दौरान पवित्रजोत वड़ैच, सीमा शर्मा, गुरप्रीत कौर गोपी, इंद्रा रानी, स्वर्ण कौर, बबीता,प्राची,ज्योति धानिक ,मंगू ढोली, रणजीत, धीरज मल्होत्रा, राम सिंह पंवार,जतिन नन्नू, रंजन शर्मा, हरमिंदर सिंह उप्पल, अमन भनोट,संदीप शर्मा, राजिंदर शर्मा, कमल शर्मा,ललित मल्होत्रा, विनय अरोड़ा,रमेश चोपड़ा, विकास भास्कर, मोनू शर्मा भी मौजूद थे।

# ईव्हीएम का किया गया प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन

केसरिया हिन्दुस्तान से दीनदयाल साहू



नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 उत्तर बस्तर कांकेर, 05 फरवरी 2025/ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत नगरीय निकाय के तहत आज सुबह 11.30 बजे ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित ऑनलाइन रैण्डमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने बताया कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान उपलब्ध ईव्हीएम मशीन की बैलेट युनिट और कंट्रोल युनिट की संख्यात्मक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में ईव्हीएम के कुल 166-166 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन उपरांत उपलब्ध हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम की कंट्रोल व बैलट युनिट 46-46 तथा नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और नगर पंचायत पखांजूर के 15-15 मतदान केन्द्रों के लिए 30-30 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन आज सम्पन्न हुआ। यानी जिले में नगरपालिका और नगर पंचायतों के कुल 81 मतदान केन्द्रों के लिए इव्हीएम की 166-166 कंट्रोल और बैलट युनिट का रैण्डमाइजेशन आज सम्पन्न हुआ। इसके इस दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को रैंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

## एक विकास कार्य का दो निधियों से भुगतान का आरोप

# क्षेत्र पंचायत ने कराया 2024-25 में भुगतान विद्यालय प्रबन्धक समिति पत्र के अनुसार हो चुका 2022-23 में कार्यो का भुगतान

**सीतापुर।** विकास खण्ड ऐलिया में क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यो पर एक के बाद एक सवाल लगातार उठते चले आ रहे है। विकास कार्यो में हुए भुगतानों पर जहां जांच समिति के द्वारा जांच की जा रही है वहीं क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। बताते चले कि पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमेन्द्र सिंह के द्वारा विकास खण्ड ऐलिया के वर्ष 2022-23 से लगभग वर्तमान समय तक के कराये गये करीब 95 विकास कार्यो पर हुए भुगतानों की जांच उच्चाधिकारियों से मांग की थी जिस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कमेटी गठित की गई है व प्रथम दृष्टया से कुल विकास कार्यो में से दस विकास कार्यो की जांच के लिये समिति को निर्देशित किया गया है। जांच समिति द्वारा अब तक कुल सात विकास कार्यो की जांच की जा चुकी है। अक्टूबर माह में तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा विकास खण्ड में 47 कार्यो का एक गजट भी निकाला गया था गजट निकलने के बाद ही श्री सिंह के द्वारा गजट में दर्शाये कार्यो को गजट से पूर्व कराये जाने पर सवाल उठाया गया था और विकास खण्ड के क्षेत्र पँचायत के विकास कार्यो की शिकायत की थी, उसके बाद भी लगातार गजट के कार्यो पर जिम्मेदारों द्वारा भुगतान किया जा रहा है। जिस सम्बन्ध में श्री सिंह ने गजट निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से अवगत कराकर प्रकाशित गजट को निरस्त किये जाने की मांग की थी। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों को पत्रावली करके गजट निरस्तारण कराये जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद भी जहां एक तरफ जांच समिति द्वारा विकास कार्यो की जांच की जा रही है वही दूसरी तरफ गजट में दर्शाये गये कार्यो पर नियम विरुद्ध लगातार जिम्मेदारों द्वारा भुगतान किया जा रहा है। एक ही विकास कार्य पर 2 निधियों से भुगतान कराया जा रहा है उदाहरण के तौर पर क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2023-24 से 2024-25 तक सेवाश्रम इण्टर कालेज काजीकमालपुर सीतापुर में बाउण्ड्रीवाल, शौचालय आदि विभिन्न कार्यो पर भुगतान किया गया है जबकि कालेज के द्वारा दिये गये पत्र में यह दर्शाया जा रहा है कि तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी ने जिन कार्यो पर क्षेत्र पंचायत से भुगतान दिसम्बर माह में किये गये है उन कार्यो में विद्यालय से जारी पत्र के अनुसार वर्ष 2022-23 में कार्य करवाकर भुगतान कराया जा चुका है। कार्य एक है और भुगतान दो दो निधियों से जो कि भ्रष्टाचार के संकेत दे रहा है



### स्थलीय जांच के बाद की गई एमबी-जेई

क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यो के सम्बन्ध में जब जेई आर एस शीवी पाण्डेय से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि हर विकास कार्य में प्रारम्भ से लेकर अंतिम भुगतान तक पूरी निगरानी की जाती है उसी के बाद एमबी की जाती है। विकास कार्य क्षेत्र पंचायत से ही कराये गये है।

### कार्य होने के बाद स्थलीय निरीक्षण किया गया उसके बाद ही की गई एमबी-देवशरण

विकास कार्यो के सम्बन्ध में जब तत्कालीन जेई आर एस देवशरण से बात की गई तो उन्होने बताया कि कार्य कराने के बाद ही एमबी की जाती है जिसका स्थलीय निरीक्षण भी किया जाता है उसके बाद ही एमबी की जाती है।

### प्रस्तावित कार्यो पर कार्य प्रारम्भ से लेकर कार्य समाप्ति तक किया जाता निरीक्षण-शैलेश

विकास खण्ड ऐलिया में विकास कार्यो पर उठ रहे सवालों के सम्बन्ध में जब तत्कालीन जेई आर एस शैलेश कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि हमारे कार्यकाल में जो भी कार्य कराये गये है प्रस्तावित कार्यो में कार्य प्रारम्भ से लेकर कार्य समाप्ति तक पूर्ण रूप से निरीक्षण किया गया उसके बाद भी कार्यो पर एमबी की गई।

### उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार हुए कार्यो की जांच की गई-एई

उक्त सम्बन्ध में जब जांच समिति अधिकारी पी डब्लू डी एई मुदस्सिम हुसैन से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जांच की जा रही है। जांच में जो दर्शाया गया उसकी जांच की गई । अन्य के सम्बन्ध में हमारे पास कोई जानकारी नही है।

### कार्ययोजना के अनुसार भुगतान कराये गये-तत्कालीन बीडीओ ऐलिया

गजट पर आपत्ति के बाद भुगतान के सम्बन्ध में जब तत्काली खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि आपत्ति के सम्बन्ध में हमें कोई जानकारी नही है। कार्य योजना में जो कार्य कराये गये है निरीक्षण के उपरान्त भुगतान किये गये है।

### अभिलेखों को देखकर ही जानकारी दी जा सकती है-प्रधानाचार्य

विद्यालय द्वारा जारी पत्र के सम्बन्ध में जब सेवाश्रम काजीकमालपुर सीतापुर के प्रधानाचार्य के के शुक्ला से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि कोई पत्र जारी किया गया यह ऐसे बता पाना मुश्किल है। अभिलेखों के निरीक्षण के बाद ही कोई जानकारी दी जा सकती है। निर्माण आदि के कार्य प्रबन्धतंत्र देखता है तो ज्यादा जानकारी दे पाना मुश्किल है।

### क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यो का ही किया गया भुगतान-ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ऐलिया

एक ही विकास कार्य के दो निधियों भुगतान के सम्बन्ध में जब मौजूदा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि विद्यालय प्रबन्ध समिति के द्वारा जो भी कार्य कराये गये है उनका भुगतान विद्यालय प्रबन्ध समिति से हुआ होगा क्षेत्र पंचायत से जो भी कराये गये है उन कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत से कराया गया है। क्योकि विद्यालय की बाउण्ड्री अधिक थी इसलिए विद्यालय प्रबन्ध समिति से एक बार में पूर्ण हो पाना मुश्किल था। इसीलिए क्षेत्र पंचायत से कार्य कराये गये है व अलग अलग कार्यो का ही भुगतान हुआ है यह कहना निराधार है कि एक ही विकास कार्य का दो निधियों का भुगतान कराये गये है। दोनो कार्य अलग अलग है दोनो का अलग अलग ही भुगतान हुआ है।

# नशा करने में होती है अपनों की पहचान खत्म-नानक



**मछरेहटा (सीतापुर)।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा से गत् 14 दिसम्बर से चल रही शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा कल सायंकाल मछरेहटा ब्लाक के ग्राम बनियामऊ में मिथलेश कुमार तिवारी एवं रामगोपाल तिवारी के मैदान पर पहुंची। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने बाजे-गाजे, फूल मालाओं तथा पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत किया। आज इस यात्रा का 53वाँ पड़ाव है। इसी प्रकार 05 मार्च तक सीतापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त पंकज महाराज अपना धर्म-कर्म एवं समाजोत्थान का सन्देश सुनायेंगे।आज अपने सत्संग सम्बोधन में महाराज ने कहा प्रेमी भाई-बहनों! अबकी बार आपको मौका मिल गया है समय रहते हुये अपनी आत्मा के कल्याण के लिये थोड़ा बहुत विचार करियेगा। वर्ना जीवन का समय निकलता जा रहा है। "मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना, पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सुपना।।" पंक्तियाँ उद्धृत करते हुये कहा जैसे रात में हम स्वप्न देखते हैं और वह सच मालूम पड़ता है परन्तु जब हमारी आंखें खुलती हैं तो यह पता चलता है कि वह तो स्वप्न था। सच नहीं, भ्रम है। ठीक उसी प्रकार से यह दुनियां भी दस-बीस, सौ साल का स्वप्न है। जिस दिन मौत का वक्त आयेगा आप रोओगे, हाय, हाय करके चिल्लाओगे कि हाय हमने सारी जिन्दगी स्वप्न में गुजार दी। जागने का समय तो अभी आया था, जो कुछ करना था अभी करना था लेकिन अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुंग गई खेत। ये घर बार अपना नहीं, पराया देश है, ये सरायखाना है, मुसाफिर खाना है। जिस शराब के पीने से आंखों से मां, बहन, बेटी की पहचान खत्म हो जाती है तो उसे पीने से यह निर्णय कैसे कर सकेंगे क्या अच्छा, क्या बुरा। आप सभी से अपील है अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग करें।उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक मथुरा जयगुरुदेव आश्रम पर होने वाले होली महापर्व पर पधारने का निमन्त्रण भी दिया। व्यवस्थाओं में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर शिवराज सिंह, राजीव कुमार सिंह, भानु सिंह, अमर सिंह, पन्नू तिवारी, महाबीर मिश्रा, अमित गुप्ता, ग्राम प्रधान सोनू सिंह, सूर्यबली सिंह, रामकृष्ण मिश्रा, भरत, पिन्टू मिश्रा, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



खैराबाद-सीतापुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ब्लाक सभागार में पंचायत विकास सूचकांक के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने की। कार्यक्रम में पंचायत राज लखनऊ के मास्टर ट्रेनर प्रतिभा वर्मा व वैभव वर्मा के द्वारा कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत की आयकर रिटर्न जीपीडीपी सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ग्राम विकास द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा पोर्टल पर कैसे होती है साथ ही धारा 14 महिला सशक्तीकरण के अन्तर्गत महिला प्रधान के स्वयं दायित्व पर विस्तृत रूप में चर्चा की गई। उक्त अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद प्रतीक यादव ने बताया कि ग्राम पंचायतें नौ बिन्दुओं पर कार्य करती है ग्राम पंचायतों के विकास के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव व प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया है जिससे सम्बन्धित विकास खण्ड की ग्रामपंचायतों मे विकास गति में तेजी लाई जा सके व महिला प्रधानों को भी प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक किया गया है क्योकि अधिकतर महिला ग्राम प्रधान बनने के बाद भी कार्य प्रतिनिधियों द्वारा ही किया जाता है जिससे दिक्कते आ रही है। अगर महिला ग्राम प्रधान स्वयं कार्य को करेगी तो कार्य की गति और तेज हो जायेगी इसी लिये महिला ग्रामप्रधानों के दायित्वों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम प्रकाश सिंह ने सचिव व प्रधानों को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामपंचायतों में जारी आदेशनुसार ही कार्य कराये जाये जिससे विकास कार्यो की गति तेज हो सके। कार्यक्रम के दौरान सचिव संध्या त्रिपाठी,फरहा इकबाल, जितेंद्र शुक्ला, अनूप चतुर्वेदी, राजकुमार, छाया यादव,रुचि वर्मा,प्रीति वर्मा,आराधना,नीरज कुमार,प्रधान कनवाखेड़ा महाराज सिंह, प्रधान धरैचॉ पप्पू यादव, दारानगर प्रधान प्रतिनिधि विशुन पाल,महिला प्रधानों में अकबरगंज प्रधान रानी, सरैया मलुही प्रधान गुड्डी शर्मा, सरैया सानी प्रधान नेहा अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## एएसपी ने किया संदना थाना का निरीक्षण

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 प्रवीन रंजन द्वारा थाना संदना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 प्रवीन रंजन संदना थाना पहुंचे ही सर्वप्रथम महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया, उसके बाद उन्होंने क्रमश: थाना कार्यालय, माल खाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक के साथ-साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने हेतु सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# नाराज वकीलों ने किया कार्य का बहिष्कार

**सिधौली-सीतापुर ।** तहसील परिसर के अधिवक्ता उस समय आगबबूला हो गए जब तहसीलदार न्यायालय में बैठे आई.ए.एस तहसीलदार नितिन सिंह ने एक वाद में कहा कि अधिवक्ता की कोई जरूरत नहीं पार्टी आए हम निस्तारण करें गें जो वार्ता लाभ में प्राकृतिक न्याय के प्रतिकूल है। अधिवक्ताओं ने विरोध मे जोरदार हंगामा व प्रदर्शन कर तहसीलदार न्यायालय का अनिश्चितकालीन और तहसील परिसर की अन्य न्यायालयों का तीन दिवसीय बहिष्कार किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता राम कृपाल गौतम के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के कारण लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हैं उनका एक मुकदमा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालय में सुनवाई के लिए लंबित था जिसमे कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा तहसीलदार को उनके गंभीर रूप से बीमार होने व भर्ती होने के जानकारी दी है परंतु तहसीलदार आई ए एस नितिन के सिंह द्वारा अनसुनी करते हुए कहा गया की वादी एवं प्रतिवादी( दोनों पार्टियों) हाजिर हो अधिवक्ता की कोई जरूरत नहीं है जिसपर अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया की वकालत नामा लगा हुआ हुआ कार्यवाही प्रक्रिया अधिवक्ता द्वारा ही की जाती है ना की वादी प्रतिवादी द्वारा जिसपर मामला काफी तूल पकड़ गया व अधिवक्ता व तहसीलदार के बीच काफी तीखी नोक झोंक हुई ।अधिवक्ताओं ने न्यायिकअधिकारी(ग्राम न्यायालय) सिधौली और उपजिलाधिकारी को सूचित करते हुए तहसीलदार न्यायालय की अनिश्चित कालीन हड़ताल व परिसर के अन्य न्यायालयों की विगत तीन दिवसों की हड़ताल कर जमकर नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन किया गया ।इस अवसर बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप सिंह, शिवशंकर यादव, जीवन पाण्डेय, सूर्य कान्त पाण्डेय, रामानुज सिंह, आशीष कुमार यादव, अरविन्द कुमार, आशुतोष अवस्थी,कमल कुमार, मिथलेश कुमार, अरूणेश कुमार सिंह आदि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आर पी महोत्सव मे हुए खेल प्रतियोगिताए




**सीतापुर।** आर पी चिल्ड्रन हाई स्कूल के द्वारा विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय आर पी महोत्सव व अंतिम दिन पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमे कैरम, रेस, वालीबाल, बैडमिंटन, चेस, डांस, सिंगिंग, फैंसी ड्रेस, मेढक रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विधालय के छात्र छात्राओं सहित अभिभावक गणो ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन आरती त्रिपाठी व संयोजन ज्योति पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता मे सौरभ पाण्डेय, अतिकेश,प्रांजल, मो अनस, अयन वर्मा, सचिन, प्रतिमा राठौर, आशिका सिंह व बालीबाल टीम मे ग्रीन हाउस, सिंगिंग में ग्रीन हाउस, डांस में रेड हाउस विजय हुए। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका का निर्वहन आयुष मिश्रा, अल्का शुक्ला, सुभाष वर्मा, आरिश फातिमा, मिथलेश गुप्ता,काजल शुक्ला, अरुणा श्रीवास्तव, राधिका श्रीवास्तव, स्वाति पाण्डेय ने किया। पुरुस्कार समारोह मे अतिथि मे राष्ट्रीय सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी रहे। अतिथियों ने विजयी सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत स्कूल प्रधानाचार्या अर्चना श्रीवास्तव व प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव ने सभी का आभार जताया।

# पोल्ट्री फार्मों की होगी जांच बर्ड फ्लू पर दिया जाये विशेष ध्यान : डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की जनपद स्तरीय गठित टास्कफोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित सभी पोल्ट्री फार्मों की नियमित जांच सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में प्रवासी पक्षियों की आवक अधिक रहती है, उन पर विशेष निगरानी रखें। जिलाधिकारी ने तहसील स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय रखे जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पी0पी0ई0 किट एवं फेस मास्क सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने सैम्पल चेकिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप सैम्पल चेकिंग करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0पी0 सिंह चन्देल ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये जनपद में संचालित पंजीकृत पोल्ट्री फार्मों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में बर्ड फ्लू के प्रभावी नियंत्रण हेतु निर्देशों के अनुसार समुचित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने पोल्ट्री फार्मों की जांच सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## चार दिन बाद मिला लापता अधेड़ का शव

**सीतापुर।** जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र में चार दिनों से लापता एक युवक का शव गेहूं के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानानतर्गत ग्राम भटपुरवा गांव निवासी कांशीराम राठौर (48) चार दिन पूर्व सीतापुर जिला मुख्यालय दवा लेने गए थे। इसके बाद से उनका पता नहीं चल रहा है।परिजनों ने काफी तलाशा लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार सुबह लखीमपुर मार्ग पर बडेलिया गांव के पास अशोक सिंह के गेहूं के खेत में उनका शव पड़ा मिला।

# बिना कार्य के भुगतान करा रहे सचिव राजकुमार-आलोक तिवारी



**सीतापुर( खैराबाद )।** किसान मंच के मण्डल उपाध्यक्ष आलोक तिवारी ने खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद को शपथ पत्र देकर अवगत कराया है व भ्रष्टाचारी सचिव पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है, आलोक तिवारी में शिकायती पत्र के माध्यम से बताया किविकास खण्ड खैराबाद में तैनात सचिव राजकुमार के द्वारा निरंतर 15वे व पंचम वित्तीय खातों से फर्जी भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया जा रहा है, उनके द्वारा सचिव पर लगाये गए आरोपो में ग्राम पंचायत रामकोट में सचिव के द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर 3 लाख से अधिक का भुगतान कर घोटाला किया है जबकि सरकार द्वारा 2017 में जारी शासनादेश में साफ तौर कहा गया था कि सोलर संयंत्रो की स्थापना का कार्य नेडा व उसकी समकक्ष संस्था से ही लगवाए जाएंगे और उन संस्थाओं का चयन जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया जाएगा। ग्राम पंचायत रामकोट में सचिव व प्रधान ने हैण्डपम्प रिबोर कार्य मे जारी आदेशों को दरकिनार कर लाखो का भुगतान कर घोटाला किया गया है। रामकोट में सचिव व प्रधान ने कांवड़ यात्रा के दौरान वित्तीय खातों से भुगतान निकाला है,जबकि कांवड़ यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नही कराई गई थी जिसका कई समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर वीडियो व फोटो भी वायरल हो चुके है। सचिव राजकुमार ने ग्राम पंचायत परसेहरा में पुराने लगे कैमरों पर व नेवादा बरूवा गौशाला में पहले से लगी सोलर स्ट्रीट लाइट का भुगतान करा दिया गया है जबकि दोनो ही उक्त कार्य नही कराये गए है ग्राम पंचायत रामकोट में आर आर सेंटर निर्माण में मानको को अनदेखा कर निर्माण कार्य कराया गया जिससे कि आर आर सेंटर चालू होने से पहले ही ध्वस्त होने लगा है जिससे यह साफ होता है कि सम्बंधित सचिव प्रधान व कंसल्टिंग इंजीनियर ने मिलकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। जब इस सम्बंध में बीडीओ से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है शिकायत की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## लूटपाट की घटना लग रही संदिग्ध

**सीतापुर।** गुड़बेल संचालक के साथ हुई लूटपाट की घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। जिस हिसाब से घटना बताई जा रही है उस हिसाब से संचालक के चोट और बाइक में टूट फूट होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ जो संदिग्धता का प्रतीक माना जरहा है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच करनी शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि गुड़बेल संचालक से तीन बदमाशों ने एक लाख रुपये व मोबाइल छीन लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस को घटना संदिग्ध लग रही है। गुड़बेल संचालक एक व्यापारी से भुगतान लेकर लौट रहे थे।मुजफ्फरनगर के पुरकाजी निवासी समीर ने बताया कि वह रेउसा के मोड़्या शिवाला स्थित राहुल सिंह की गुड़बेल पर गन्ने की पेराई करता है। सोमवार को वह बिसवां के एक व्यापारी से गुड़ के भुगतान के एक लाख रुपये लेकर लौट रहे थे।तभी सियाला गांव के पास तीन बदमाशों ने धक्का देकर बाइक समेत उन्हें खेत में गिरा दिया। फिर एक लाख एक हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। इसके बाद बदमाश भाग गए। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

# लापता व्यक्ति दूधनाथ के नाम की कीमती भूमि का पुनः हुआ सौदेबाजी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के तहसील जलालपुर थाना सम्मनपुर अंतर्गत कजपुरा ग्रामसभा में लापता व्यक्ति दूधनाथ के नाम की कीमती भूमि गाटा संख्या 583 के सम्पूर्ण हिस्से पर अन्य व्यक्ति दयाराम पुत्र रघुनाथ द्वारा किया जा रहा आलीशान मकान का निर्माण जबकि पूर्व में लापता व्यक्ति दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा के नाम की कीमती भूमि गाटा संख्या 400 स्थित ग्राम अमरतल के हिस्से की सम्पूर्ण भूमि जो कि पिच मार्ग पर स्थित है जिसमे सभापति पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम कजपुरा दूधनाथ नाम की फर्जी पहचान पत्र व अपना फ़ोटो लगाकर षड्यंत्र पूर्वक कूटरचित तरीके से विमला देवी पत्नी राम सुभग निवासी ग्राम अमरतल को विक्रय कर अनुचित लाभ लिया जिस सम्बन्ध में कोतवाली अकबरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 514/2021 ,13 अभियुक्तों के खिलाफ पंजीकृत हुआ जबकि दूधनाथ के लापता होने के सम्बंध में ग्राम सचिव शिवाकांत मिश्रा स्थानीय थाना सम्मनपुर के हेड कांस्टेबल असफाक ने अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा लगभग 25 से 30 वर्षो से लापता हैं और इनका नाम परिवार रजिस्टर व वोटरलिस्ट में न तो आज है न तो पूर्व में था इसके बाद भी दूधनाथ पुत्र रामचरित्र के नाम की कीमती भूमि पर किसके सह पर या विक्रय हुआ तो किसके द्वारा विक्रय किया गया यह संदेह उत्पन्न कर रहा है कि कही राजस्व अधिकारियों व पुलिस प्रशासन के संरक्षण में कहीं निर्माण तो नही कराया जा रहा है और यदि विक्रय हुआ है तो दस्तावेजी साक्ष्य



निर्माणकर्ता दयाराम निवासी गोविन्दपुर को उप्लब्ध कराना चाहिए जबकि निर्माणकर्ता दयाराम को यह भली भांति मालूम है कि गाटा संख्या 583 स्थित ग्राम कजपुरा में रघुनाथ एवं सुखमंगल पुत्र स्व रामचरित्र के हिस्से की सम्पूर्ण भूमि पूर्व में ही ये दोनों लोग विक्रय कर चुके हैं तो लापता व्यक्ति दूधनाथ पुत्र रामचरित्र के नाम की भूमि का विक्रय किसके द्वारा किया गया है जिस पर दयाराम निवासी ग्राम गोविन्दपुर के द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी किया गया है ग्रामीणों द्वारा जानकारी लेने की कोशिश की गयी तो निर्माणकर्ता ने कहा कि रघुनाथ पुत्र रामचरित्र द्वारा यह भूमि का विक्रय किया गया है जिसकी पूरी कीमत रघुनाथ पुत्र रामचरित्र ले चुके जबकि पूर्व में दर्ज मुकदमे में रघुनाथ सह अभियुक्त है इसके बाद भी इतनी हिम्मत की लापता दूधनाथ के हिस्से की भूमि को पूर्व में सभापति पुत्र दीनदयाल ने दूधनाथ बनकर उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में विमला देवी को गाटा संख्या 400 स्थित अमरताल का विक्रय किया और यहाँ गाटा संख्या 583 स्थित ग्राम कजपुरा रघुनाथ ने लापता व्यक्ति दूधनाथ के हिस्से की सम्पूर्ण भूमि को दयाराम निवासी ग्राम गोविन्दपुर को सम्पूर्ण कीमत लेकर सौप दिया जिसमें अभी निर्माण कार्य दयाराम द्वार जारी है यदि किसी अन्य ग्रामसभा के व्यक्ति द्वारा लापता व्यक्ति के भूमि पर निर्माण किया जा रहा है और किसी के द्वारा कोई रोक टोक नही किया जा रहा है तो इससे यह स्पष्ट है कि दूधनाथ के सगे भाई रघुनाथ द्वारा या तो पुनः सभापति द्वारा ही फर्जी तरीके से दूधनाथ बनकर उक्त भूमि का विक्रय कर दूधनाथ के हिस्से का रुपया ले लिया गया है।

# मालती मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज की टीम ने अयोध्या कैंट को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी के खेल मैदान पर चल रहे स्वर्गीय मेजर रामदेव सिंह स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मालती मॉर्डर्न पब्लिक इंटर कॉलेज विजय नगर कटेहरी की टीम ने अयोध्या कैंट को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लियाद्य टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरी मालती मॉडर्न की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 199 रन बनाएं द्य मालती मॉडर्न इंटर कॉलेज के खिलाड़ी प्रदीप यादव ने 79 रन की पारी खेली द्य




अयोध्या टीम के गेंदबाज शाहबान ने तीन विकेट चटकाए द्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या कैंट की टीम 158 रनों पर ढेर हो गई द्य मालती मॉर्डर्न इंटर कॉलेज के गेंदबाज प्रवीण गेल ने चार विकेट प्राप्त कियाद्य अयोध्या कैंट के बल्लेबाज अंकुर यादव ने सर्वाधिक 38 रन का योगदान दिया प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आईपीएल मे राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके खिलाड़ी कामरान खान आकर्षण का केंद्र रहे द्य जो मालती मॉडर्न इंटर कॉलेज के लिए खेलने रामदेव जनता इंटर कॉलेज के मैदान पर आए थेद्य उन्होंने अपने लंबे-लंबे स्टॉक से दर्शकों का दिल भी जीता द्य खेल प्रेमी उनके साथ सेल्फी लेते नजर आए। प्रतियोगिता में मैन आफ द सीरीज प्रवीण गेल को चुना गया द्य मैन ऑफ़ द मैच प्रदीप यादव को दिया गया। प्रतियोगिता का समापन देवेंद्रवती महाविद्यालय के प्रबंधक भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ राणा रणधीर सिंह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा व मालती मार्डर्न इंटर कालेज के ब्यवस्थापक इंजीनियर कुलिन्दर सिंह यादव मोनू ने खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की द्य इस मौके पर प्रधानाचार्य हंसराज, जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह, ग्राम प्रधान विक्रम यादव, रवि अग्रहरि, शादाब खान निखिल यादव शहीद कई अन्य लोग मौजूद रहे द्य मालती मार्डर्न इंटर कालेज के प्रबंधक विजय यादव ने सभी खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश सरकार संगम में घायलों और मारे गए श्रद्धालुओं की सूची जारी करे : कांग्रेस

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को प्रयागराज संगम में कई श्रद्धालु घायल हुए और कई लोग मारे गए उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने कही। उन्होंने कहा घायल और मारे गए श्रद्धालुओं की सूची जारी न होने से श्रद्धालुओं के परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अतः उत्तर प्रदेश सरकार अविलंब उक्त घटना में घायलों और मारे गये श्रद्धालुओं की सूची जारी करे। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज अम्बेडकरनगर के कांग्रेसजनों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील मिश्र के नेतृत्व में मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज संगम में भगदड के



दौरान घायलों और मृतकों की सूची उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूची जारी करने के लिए महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रमेश पाण्डेय को सौपा गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल, अजय सिंह कप्तान, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा विजय शंकर तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामजन्म दुबे एडवोकेट, श्रीकांत वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, विश्वभान मिश्र मस्सू, वी पी गौतम, विकलांग प्रकोष्ठ के मंडल प्रभारी राजेश वर्मा, राहुल मिश्र एडवोकेट,रामचंदर चौरसिया एडवोकेट, मनीराम यादव समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## अकबरपुर में रोजगार मेला छह को

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिला सेवायोजन विभाग द्वारा छह फरवरी को पूर्वान्ह दस बजे पुरानी तहसील स्थित कार्यालय परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती पांडेय ने बताया कि मेले में देश व प्रदेश के निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां बेरोजगार पुरुष व महिला अभ्यर्थियों को सेवायोजित करने के लिए प्रतिभाग करेंगी। मेले में 18 से 40 वर्ष तक आयु के कक्षा 10वीं/12वीं उत्तीर्ण व अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आवेदन पत्रों की त्रुटियों को सुधार किये जाने हेतु 05 फरवरी से 10 फरवरी तक छात्र/छात्राओं को किया निर्धारित

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुलतानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन द्वारा निर्गत 2024-25 में दशमोत्तर अनुसूचित जाति/सामान्य वर्ग (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की समय सारिणी के अनुसार छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन पत्रों की त्रुटियों को सुधार किये जाने हेतु दिनांक 05 फरवरी, 2025 से दिनांक 10 फरवरी, 2025 तक निर्धारित की गयी है एवं सुधार किये गये आवेदन पत्रों संस्थान में जमा किये जाने एवं संशोधित किये गये आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थानों द्वारा पुनः अग्रसारित करने हेतु दिनांक 13 फरवरी, 2025 तक तिथि निर्धारित है।

1.त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को छात्रों के स्तर से सही करना:-* छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में हुई त्रुटियों को छात्र/छात्रा के लॉगिन पर प्रदर्शित किया जाना तथा छात्र/छात्रा द्वारा त्रुटियों को ठीक किया जाना। (दिनांक 05 फरवरी, 2025 से 10 फरवरी, 2025 तक)

2.छात्रों द्वारा सही किये गये आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करना:-* शिक्षण संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना। ( दिनांक 13 फरवरी, 2025 तक)

उन्होंने जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों/अभिभावकों/ प्रबन्धकों /प्रधानाचार्यों/प्राचार्य को सूचित किया है कि निर्धारित तिथि दिनांक 05.02.2025 से 10.02.2025 तक अनिवार्य रूप से अपने आवेदन पत्रों की त्रुटियों का सुधार करते हुए उक्त निर्धारित तिथि तक समस्त कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयान्तर्गत आवेदन आवेदन पत्र सुधार न होने अथवा संस्था में आवेदन जमा न करने एवं संस्थानों द्वारा कार्यवाही पूर्ण न करने पर यदि कोई भी पात्र छात्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित होता है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र/संस्थान की होगी।

# नवांगत खंड विकास अधिकारी ने संभाला कार्यभार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर तहसील अंतर्गत खंड विकास कटेहरी पर नवागत खंड विकास अधिकारी जगन्नाथ चौधरी ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। खण्ड विकास अधिकार जगन्नाथ चौधरी ने कर्मचारियों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही विकास की योजनाओं पर तेजी



लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की योजनाओं को धरातल पर लागू करने की बात कही। खंड विकास अधिकारी जगन्नाथ चौधरी ने कहा सभी कर्मचारियों के साथ टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपेक्षित परिणाम प्राप्त किया जाएगा।

# प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के अभिलेख मिले संदिग्ध, वेतन रोका

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी प्रपत्रों के जरिए नौकरी करने के आरोपों से घिरे प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक का वेतन रोक दिया गया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के शैक्षिक कागजात संदिग्ध मिलने की बात सामने आई है। बीएसए ने प्रधानाध्यापक को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण भी मांगा है।बसखारी के चंदन मौर्या ने गांव के ही राकेश कुमार के खिलाफ आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी। उनका आरोप है कि राकेश ने संपूर्णानंद विश्वविद्यालय वाराणसी से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की फर्जी मार्कशीट बनवाकर नौकरी हथिया ली। मौजूदा समय में राकेश प्राथमिक विद्यालय हरनीडीह, बसखारी में प्रधानाध्यपक के पद पर तैनात हैं। चंदन की शिकायत पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपी।राकेश की हाईस्कूल और इंटर की मार्कशीट की जांच के लिए संपूर्णानंद विश्वविद्यालय से सहयोग मांगा गया। जांच में प्रपत्र संदिग्ध मिलने की बात सामने आई है। हालांकि, जांच अभी पूर्ण नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच के आधार पर बीएसए ने राकेश का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।दूसरी शिकायत टांडा के नेहरू नगर की प्रतिमा ने की है। प्रतिमा के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर, टांडा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात मिथलेश की बीएड की डिग्री फर्जी है। मिथलेश ने बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल जौनपुर से फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनवाई है। प्रतिमा की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। मिथलेश के कागजात भी जांच के लिए विश्वविद्यालय भेजे गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक राकेश के प्रपत्र संदिग्ध मिले हैं। इसलिए उनका वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सहायक अध्यापक के खिलाफ भी जांच प्रचलित है, इसलिए उनका वेतन रोका गया है।

# लगातार कातिल बनते जा रहे ओवर लोड वाहन

**सीतापुर।** जिले की सड़को पर दौड़ते ओवर लोड वाहन अब कातिल बनते जा रहे है। ओवर लोड वाहन को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके परिणाम स्वरूप एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत नाजुक बतायी जा रही है। यह ट्रैक्टर ट्राली पर गन्ना लादकर नेरी जा रहा था और गन्ना ओवर लोड लदा होना बताया जा रहा है जिसके चलते चालक ओवर लोड वाहन के भार को संभाल नही पा रहा था और बार बार ट्रैक्टर दो टायरों पर खड़ा हो जाता था इसके बाद भी ओवर लोडिंग पर ध्यान नही दिया गया और हादसा हो गया। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार महोली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर सुबह गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक ट्रक पीछे से टकरा गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार महोली कोतवाली थानान्तर्गत ग्राम रुस्तमनगर निवासी सुनील राठौर (32) गांव के ही रवींद्र (40) के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गन्ना लादकर नेरी क्रय केंद्र जा रहे थे। कारीपाकर गांव के पास सीतापुर की तरफ से आ रहा ट्रक ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गया।

# प्रधान के चार व सदस्य के 41 रिक्त पदों पर 19 को होगा मतदान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य के 45 रिक्त पदों पर 19 फरवरी को मतदान होगा। इस उपचुनाव के लिए डीएम अविनाश सिंह ने अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की ब्लॉकवार ड्यूटी लगा दी गई है।विकास खंड जलालपुर की ग्राम पंचायत पेठिया, कटेहरी की पीठापुर सरैंया, अकबरपुर की हसनपुर जलालपुर व रामनगर की चहोड़ा शाहपुर में प्रधान के पद रिक्त हैं। इसके साथ ही विभिन्न ब्लॉकों के 41 ग्राम पंचायत सदस्यों पर भी उपचुनाव होना है। आठ फरवरी को नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाएंगे। 10 फरवरी को जांच व 11 को नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही इसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 19 फरवरी को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा व 21 फरवरी को मतगणना होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसी के साथ नामांकन पत्रों की बिक्री भी बुधवार से शुरू कर दी जाएगी।कटेहरी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी छोटेलाल, अकबरपुर में उपायुक्त उद्योग समसुद्दीन सिद्दीकी, जलालपुर में जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश, भीडीआई में बीईओ एसपी सिंह, भियांव में बीईओ विवेक द्विवेदी, रामनगर में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास कुमार, जहांगीरगंज में बीईओ संतोष पांडेय, बसखाली में सहायक श्रम आयुक्त राजबहादुर व टांटा में एआर कोऑपरेटिव राघवेंद्र शुक्ला को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सहायक निर्वाचन अधिकारियों की भी तैनाती कर दी गई है।

# सरकारी स्कूल में मध्यान भोजन योजना का बुरा हाल, एसडीएम से की शिकायत

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय विकास खण्ड की ग्राम पंचायत के सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन की व्यवस्था का बुरा हाल एक सैकड़ा से अधिक बच्चों का प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या (16 ) माह से अपने वेतन से विद्यालय में बच्चों का बनवारही मध्यान भोजन। कमोबेश (1,28,000 रुपए)लगा दिए अपने वेतन के प्रधानाचार्या ने मध्यान भोजन में ।नहीं कर रहे ग्राम प्रधान चेक पर हस्ताक्षर। विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बनौगा में जहां पिछले शिक्षा सत्र में (108) बच्चे थे इस सत्र में (103) बच्चों का विद्यालय में होना बताया जाता है जहां पिछले शिक्षा सत्र अक्टूबर 2023से प्राथमिक विद्यालय बनौगा की प्रधानाचार्या मीना गौतम (16 )माह से अपने वेतन से बच्चों का मध्यान भोजन बनवारही है। नहीं मिल रहा मध्यान भोजन की शिकायत प्रधानाचार्या ने अपने खर्चे पर एमडीएम बनवाने और ग्राम प्रधान द्वारा चेक पर हस्ताक्षर न किए जाने की खंड शिक्षाअधिकारी से की गई



।सूचना पाते ही खण्ड शिक्षा अधिकारी सिधौली ने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया गया है कि विकास खण्ड सिधौली के प्राथमिक विद्यालय बनोगे में मध्यान भोजन के मध्य की चेक पर प्रधान द्वारा हस्ताक्षर न किए जाने का मामला सामने आया है । खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार द्वारा उपजिलाधिकारी , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित संबंधित आधा दर्जन अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए भी बताया गया है कि बीते अक्टूबर वर्ष 2023 से एमडीएम बनवाया जा रहा है ग्राम प्रधान द्वारा एमडीएम की चेक पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं जिसके कारण पूरा एमडीएम प्रधानाचार्या अपने वेतन से बनवा रहेही हैं ।पत्र में उन्होंने यह भी बताया है कि इस संबंध में छः जुलाई वर्ष 2024 में ग्राम प्रधान अटरिया को संबोधित एक पत्र भी प्रेषित किया गया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने खण्ड विकास अधिकारी सिधौली को आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# मिल्कीपुर में लगभग 65.25 प्रतिशत मतदान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर उपचुनाव में वोटिंग का रिकॉर्ड टूट गया है। शाम छह बजे तक लगभग 65.25 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पहले सपा और भाजपा में लगातार वार पलटवार चलता रहा। सपा ने दर्जनों बूथों पर फर्जी मतदान का आरोप लगाया।

**भाजपा नेता और प्रशासन करा रहा फर्जी मतदानः सपा :** सपा ने आरोप लगाया कि मिल्कीपुर विधानसभा में बूथ संख्या 233, 258, 259 एवं 264 पर प्रशासन और भाजपा नेताओं द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। संज्ञान ले चुनाव आयोग, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो।

**चौकी इंचार्ज पर फर्जी मतदान का आरोप :** सपा ने एक्स पर लिखा कि मिल्कीपुर विधानसभा में बूथ संख्या 53, 54 पर कुंद्रकला चौकी इंचार्ज द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। संज्ञान ले चुनाव आयोग, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो।

## मामूली बात लेकर युवकों में मारपीट जमकर चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल...जांच में जुटी पुलिस

**गणेश वर्मा-ब्यूरोचीफ - कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

**कौशांबी।** जिले में मार-पीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि भीड़ में मौजूद लोग आपस मे मार-पीट कर रहे है। इस मार पीट में कई लोग घायल बताए जा रहे है। इतना ही नही दबंगों ने पुलिस के सामने भी मारपीट किया। वीडियो में एक सिपाही युवक को पकड़ कर ले जा रहा था। तभी युवक के उत्तेजित होने पर सिपाही भी युवक को थप्पड़ जड़ देता है। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल दिया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

घटना मंझनपुर कोतवाली के टेवा गाँव का है। जहाँ पर बताया जा रहा है कि वंश केशरवानी और नीतीश श्रीवास्तव के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को किसी बात पर फिर से दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गयी। और जमकर मारपीट हुई। मामले में सीओ मंझनपुर शिवंक सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और बीच बचाव कर मामले को शान्त कराया। जो अन्य आवश्यक कार्यवाई है वह की जा रही है। जो पुलिस के सामने मारपीट हो रही है दोनो के बीच मारपीट हुई और तत्काल चौकी को सूचना मिली सभी पुलिस मौके पर पहुचे बीच बचाव किया। जो घायल है उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शहरी सत्ता के लिए अध्यक्ष व पार्षद पद के दावेदार लगा रहे है एड़ी चोटी का जोर

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**बलौदाबाजार।** नगरीय निकाय चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार तेज होते जा रहे हैं। चुनाव करीब होने के कारण चुनावी जंग में उतरे प्रत्याशी प्रचार प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे हैं। कोई भी प्रत्याशी किसी से पीछे रहना नहीं चाह रहा है और अपने-अपने हुनर से मतदाताओं को लुभाने में जुटे हुए हैं। एक ओर प्रत्याशी प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं वहीं, दूसरी और मतदाता विकास करने वाले एवं अच्छे व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी की परख कर रहे हैं। प्रत्याशियों के भाग्य में 11 फरवरी को मुहर लग जाएगी और उनके भाग्य का फैसला 3 दिन बाद यानी 15 फरवरी को किया जाएगा।

गौरतलब है की लवन नगर की सत्ता के लिए राष्ट्रीय पार्टियों से तीन प्रत्याशी और चार निर्दलीय सहित सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। सत्ता रूढ़ दल भाजपा कांग्रेस बसपा और एक निर्दलीय प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे है। इस बार अध्यक्ष पद के लिए होने वाले प्रत्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने जहां शिवमंगल सिंह चौहान को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है वहीं कांग्रेस ने युवा नेता विनोद अनंत पर दांव खेला है। इसके अलावा बसपा से पूर्व अध्यक्ष डेरहा राम डहरिया और निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व पार्षद राधेश्याम उर्फ कल्लू रात्रे अपने चुनाव चिन्ह स्टूल छाप पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें से तीन प्रत्याशी भाजपा कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी से अधिकृत होकर अपने अपने पार्टियों के द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं उनके क्रियाकलापों को लेकर मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं तो वही निर्दलीय प्रत्याशी की पहचान एक जुझारु नेता के रूप में गिने जाते हैं, जो हर किसी की मदद के लिए हमेशा तत्पर तैयार रहते हैं। ऐसे में लवन नगर की मतदाता भी निर्दलीय प्रत्याशी के साथ खड़े होते दिखाई दे रहे हैं। इनके अलावा और भी तीन निर्दलीय प्रत्याशी है वह भी प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। बहरहाल नगर की गलियों में इन दिनों सिर्फ एक ही बात सुनाई देती है कि कौन किस पर भारी पड़ेगा किसके प्रचार में जोर है और कौन बाजी मार रहा है। इस तरह के गुणा भाग में लगे लोगों के दिन कैसे बीत जाते हैं इसका उन्हें पता ही नहीं चल रहा है। मतदान की तिथि को नजदीक देखते हुए प्रत्याशियों के बीच तिकड़म और दांव पेज का डर भी शुरू हो गए हैं ऐसे लोगों का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी तरह मतदाताओं को रिझाना और उन्हें अपने पक्ष में करना है। इसके लिए प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। नगर की सत्ता पर काबिज होने के लिए अध्यक्ष पद के दावेदार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वही पार्टियों से अधिकृत प्रत्याशियो को जिताने के लिए उनके नेता भी प्रचार प्रसार करने आ रहे हैं। इसी प्रकार नगर के 15 वार्डों के पार्षद पद के चुनाव की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के बीच ही सीधा मुकाबला होने के आसार बनते दिख रहे है।

**अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों पर टिकी है नजर:** विदित हो कि इस बार का नगरीय निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किया जा रहा है जिसमें मतदाता ही सीधे अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जबकि पूर्व के नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद के द्वारा ही अध्यक्ष चुना जाता था। अध्यक्ष बनने के लिए पहले पार्षद बनना पड़ता था लेकिन मौजूदा चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चुनावी अखाड़े में उतरा कोई भी प्रत्याशी अध्यक्ष चुना जा सकता है यही वजह है कि लोगों की निगाहें अध्यक्ष प्रत्याशी पर टिकी हुई है।

## नहर बंद होने से , हो रही फसले बर्बाद , ग्रामीणों में भारी आक्रोश जिलाधिकारी को किसानों ने दिया शिकायत पत्र



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा** - आपको बता दें कि पूरा मामला जिला कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय बांदा से सामने आया है जहां पर आज मामला जनपद बाँदा के पैलानी क्षेत्र के ग्राम अलोना के ग्रामीण किसान परेशान हैं,जहां पर फसलों की सिंचाई के लिए पानी की भारी किल्लत है । ग्राम प्रधान के साथ किसानों ने नहर बंद होने पर जिलाधिकारी बाँदा कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायतपत्र में बताया कि ग्राम अलोना में फसलों की सिंचाई के लिए नहर एक महत्वपूर्ण साधन है । लेकिन सिंचाई विभाग लघु डाल नहर विभाग की लापरवाही से नहर बंद हो जाने से फसलों के बर्बाद होने का खतरा उत्पन्न हो गया है ।जिस कारण किसान भुखमरी के कगार में पहुंच जाएगा । नहर को जल्द से जल्द चालू कराये जाने की मांग किसानों द्वारा किया गया । मामला पैलानी तहसील क्षेत्र अंतर्गत के अलोना गांव का ।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रत्येक ग्राम प्रधानों को जानकारी नहीं कौन-कौन सी योजनाएं चल रही

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



**कमासिन बांदा** क्षेत्र पंचायत कमासिन की विकास कार्यों की प्रस्तावित बैठक सभागार में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष रावेंद्र गर्ग ने सदन में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत के प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य सरकार की मंशानुसार कराकर विकास कार्य को प्रदर्शित करने वाला पत्थर जरूर लगेगा। यह संकल्प मेरे द्वारा शपथ ग्रहण के दौरान लिया गया था जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण है। इसमें उपस्थित ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है ।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश द्विवेदी के साथ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ बैठक की शुरुआत की। बैठक का संचालन योगेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी ने करते हुए 11 जुलाई की बैठक में पारित विकास कार्यों की प्रगति को पढ़कर सदन को अवगत कराया। बैठक में ब्लॉक प्रबंधक भारत द्विवेदी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन ग्राम संगठन से जुड़कर सीसीएल खाता में प्राप्त धन से महिलाओं को स्वरोजगार, ब्यूटी पार्लर ,भैंस पालन, बकरी पालन का लघु उद्योग स्थापित कर लखपति दीदी महिलाओं के बनने की जानकारी दी ।समाज कल्याण विभाग के जगत नारायण ने वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन सहित कन्या सुमंगला योजना शादी अनुदान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 7 फरवरी को बांदा पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में आयोजन के बारे में बताया। प्रोबेशन अधिकारी बांदा ने बाल सेवा योजना के लाभ को बताया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक ने आयुष्मान कार्ड योजना सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर भी चर्चा की ।बाल विकास परियोजना अधिकारी राम प्रकाश ने 178 आंगनबाड़ी केंद्रो में पंजीकृत जीरो से 5 वर्ष के बच्चों, गर्भवती धात्री माता को पोषण टेकर ऐप में ऑनलाइन हुए बच्चों को पोषाहार वितरण जिला अधिकारी बांदा के आदेश पर अक्टूबर माह का ग्राम प्रधान सदस्यों की उपस्थिति में किए जाने की जानकारी दी। इस पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष सुनील यादव, ग्राम प्रधान बंथरी ,ग्राम प्रधान मऊ ने पोषाहार वितरण का आरोप लगाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकुमार से प्रधान बंथरी ने स्कूलों में शिक्षा के गिरते स्तर का आरोप लगाते हुए शीघ्र निरीक्षण की अपेक्षा की।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश सिंह ने पशुपालन, गोपालन, बकरी पालन योजना के साथ पशुओं का

# भवन वास्तु आपकी स्थान कुंडली बनाता है

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत-बरखेडा।** वास्तु ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस के उद्बोधन में बरखेडा स्थिति बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल के मंदिर प्रांगण में चल रही सप्त दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में उत्तराखंड से आये आचार्य सुशील बलूनी ने दिशा ज्ञान, भूमि के प्रकार, अवस्था व उर्जा स्तरों की बिस्तरपूर्वक चर्चा की ।

आचार्य बलूनी जी ने बताया कि भवन निर्माण में दिशाओं एवं कोणों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। पद विन्यास, ब्रह्म स्थान व कोण तथा दिस के हिसाब से किया गया निर्माण सुंदर भाग्य लेकर आता है। आचार्य बलुनी जी के अनुसार आपका भवन आपकी स्थान कुंडली है। यदि भवन वास्तानुरूप बना हो तो जन्म कुंडली के दोषों का हरण करने वाला होता है। आचार्य जी ने बताया भूमि की दूषित अवस्थाओं जैसे कि शुप्त-मृत अवस्था अथवा अर्ध जाग्रत अवस्था में किया गया निर्माण कष्टकारी होता है। भवन का निर्माण अछे मुहूर्त में सदैव दक्षिणाव्रत करना चाहिये। सप्त दिवसीय कथा का सीधा प्रसारण भी यू ट्यूब चैनल sushilbaluni-classes पर साँय तीन बजे से हरी इच्छा तक हो रहा है।

इस अवसर पर बजाज पब्लिक स्कूल व चीनी मिल परिसर में रह रहे बच्चों द्वारा भगवान शंकर जी के विवाह पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से आशीष त्रिपाठी, दीपक राना, संदीप खोखर, हरीश ज्याला, धीरज सिंह, जितेन्द्र साहनी, डा0 डी एन शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, दूर दराज से आये किसान पूर्व प्रधान महिपाल सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, कमलेश शर्मा, योगराज सिंह , हरिओम गंगवार, ज्ञान प्रकाश, रामकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं,बच्चे उपस्थित रहे

## मिनी स्टेडियम पटेल पायका मैदान में बर्बाद किया जा रहा पेयजल, प्रयास जल जीवन सेवा समिति ने किया शिकायत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**



उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद रामसनेहीघाट में जल संरक्षण को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर पंचायत क्षेत्र के मिनी स्टेडियम में प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर प्रयास जल जीवन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी साहू ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि तहसील मुख्यालय से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित मिनी स्टेडियम में पेयजल की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है। हालांकि, टोटी न लगे होने के कारण प्लास्टिक पाइप से सीधे पानी बहता रहता है। जब भी पानी की सप्लाई आती है, रोकने का कोई साधन न होने के कारण पानी बर्बाद होता रहता है।प्रयास जल जीवन सेवा समिति ने इस समस्या के समाधान के लिए नगर प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। समिति का कहना है कि वह प्रशासन के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करने को तैयार है। इस मामले में जब नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# नगर पंचायत भटगांव में निकाय चुनाव प्रचार तेज़

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान उदित ठाकुर**



**,सूरजपुर।** नगर पंचायत भटगांव में निकाय चुनाव प्रचार अब चरम पर पहुंच चुका है। सभी प्रत्याशी मतदाताओं तक अपनी पहुंच बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। डोर-टू-डोर कैंपेन और सभाओं के जरिए जनता को लुभाने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का दौरा कर भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी प्रमेश्वरी राजवाड़े और अन्य पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांग रही है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मतदाताओं से संवाद कर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

**भाजपा का वादा- विकास को मिलेगी रफ्तार :** लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है, और यदि स्थानीय निकाय में भी भाजपा का बोर्ड बनता है, तो विकास कार्यों की गति तेज़ होगी। उन्होंने जनता से अपील की कि नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर वे क्षेत्र के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है, जिसमें स्थानीय समस्याओं के समाधान का रोडमैप तैयार किया गया है। मंत्री ने विश्वास जताया कि भटगांव की जनता भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएगी।


**प्रमेश्वरी राजवाड़े का चुनावी एजेंडा- पानी की समस्या प्राथमिकता:** भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी प्रमेश्वरी राजवाड़े अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिखीं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत भटगांव में कांग्रेस के कार्यकाल में विकास ठप पड़ा रहा और कोई भी ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने पानी की समस्या को प्रमुख मुद्दा बताया और कहा कि यदि वे चुनाव जीतकर आती हैं, तो जल संकट का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।

प्रमेश्वरी राजवाड़े ने यह भी कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है, इसलिए स्थानीय स्तर पर भी भाजपा की जीत होने पर भटगांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

चुनाव प्रचार में तेजी, सभी प्रत्याशी मैदान में : निकाय चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहा है, प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान भी तेज़ हो गया है। भाजपा के अलावा कांग्रेस और अन्य दलों के प्रत्याशी भी मतदाताओं तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में प्रचार अभियान कितना और तेज़ होता है और मतदाता किसे समर्थन देते हैं।

## ट्रेन आती देख अचानक ट्रैक पर लेट गया युवक

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



**पीलीभीत** , सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया /स्प्रिग डेल कॉलेज के सामने रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक ट्रेन आने से पहले ही रेलवे लाइन पर लेटा हुआ था मौके पर मौजूद एक दुकानदार ने पुलिस को बताया कि युवक पहले रेलवे लाइन के किनारे खड़ा था और ट्रेन आने से ठीक पहले अचानक ट्रैक पर लेट गया घटना के बाद ट्रेन करीब 5 मिनट तक वहीं खड़ी रही सूचना मिलते ही सुनगढ़ी थाना पुलिस और रेलवे की टीम मौके पर पहुंची सुनगड़ी थाना अध्यक्ष पवन कुमार पांडे के अनुसार प्रारंभिक जांच में यहां मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है युवक की पहचान और उसके इस कदम के पीछेके कारणों पता लगाया जा रहा है

# बागवानी खेती को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान लागू, बागवानी खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

**फलों और फूलों की खेती पर मिलेगा अनुदान**

**बागवानी खेती को अपनाएं, सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं**



**नूंह, नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि उद्यान विभाग हरियाणा की ओर से किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नए प्रावधान लागू किए हैं। इन प्रावधानों के तहत किसानों को फल, सब्जियों, मसालों और खुशबूदार पौधों की खेती के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और परंपरागत खेती के साथ-साथ बागवानी को भी बढ़ावा देना है।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसान अब अपने खेतों में फलों के नए बाग लगा सकते हैं और मसालों की खेती कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सब्जियों की खेती को एकीकृत मॉडल के साथ प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने में मदद मिलेगी। वहीं, फूलों की खेती और सुगंधित पौधों की खेती को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जिससे किसान अपनी खेती के माध्यम से बेहतर मुनाफा कमा सकें। बागवानी खेती को अपनाने वाले किसानों को सरकार की ओर से अनुदान सहायता भी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने फलों और मसालों की खेती के लिए 10 एकड़ तक की भूमि को अनुदान सहायता के दायरे में रखा गया है। सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को सामान्य वर्ग में 5 एकड़ तक और अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को एक एकड़ तक की सहायता दी जाएगी। वहीं, फूलों की खेती के लिए 5 एकड़ और खुशबूदार पौधों की खेती के लिए 10 एकड़ तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को %मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा, वे Òhortnet.gov.in/haryanaÓ पोर्टल पर भी अपना आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान जिला उद्यान अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800-180-2021 पर कॉल कर सकते हैं।

# भाकियू किसान यूनियन की मासिक बैठक हुई संपन्न

**छुट्टा मवेशी पकड़वाए जाए, एनम का ट्रांसफर कराया जाए,नहीं दिया जाएगा विशाल धरना प्रदर्शन**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। ब्लॉक बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत पूरे तुला गांव मजरे सनौली में हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया के जिलाध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में छुट्टा जानवरों को पकड़वाकर ब्लॉक में जो कंटेनर हैं उनके द्वारा गौशाला भेजा जाए,हर महीने विद्युत कर्मचारियों के द्वारा हर घर मीटर रीडिंग कर बिल पहुंचाया जाए विद्युत विभाग में जो कर्मचारी घर बैठकर रीडिंग करते हैं उन पर अंकुश लगाया जाए नहीं फिर किसान यूनियन के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन विद्युत विभाग पर किया जाएगा, सनौली में एनम सेंटर बना हुआ है जहां पर लगभग 10 वर्षों से एनम जो तैनात हैं जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उनका ट्रांसफर किया जाए।इस मौके पर लल्लू सिंह जिला संगठन मंत्री नन्हेंलाल विश्वकर्मा,तहसील अध्यक्ष रामसनेहीघाट शिव मगन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बनीकोडर राम हजारी गौतम,अशोक वर्मा को सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया,वहीं पर चेतराम रावत को जिला उपाध्यक्ष बाराबंकी के पद पर नियुक्त किया गया,रमई गौतम, देवकीनंदन यादव,रक्षा राम,नौमी लाल,रामचंद्र रावत, सहदेव रावत, रामनरेश रावत, रामनरेश धीमान,नोखे लाल पाल आदि तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर गुरुवार 6 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# आरबीएसके योजना ने दिलाई मासूम शिवराज को नई जिंदगी

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली



**सुसनेर।** स्थानीय न्यू बस स्टेंड सुसनेर के समीप बेघरबार गारुलिया लोहार महाराणा प्रताप बस्ती में साढे चार साल के मासूम शिवराज के लिए केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी आरबीएसके योजना वरदान साबित होकर उसे नई जिंदगी देने में कारगार साबित हुई।

गारुलिया समाज के शिवराज के गरीब पिता नाहर एवं माता गुर्जर बाई ने बताया कि हमारा बच्चा जन्म के बाद से ही कमजोर था और होंठ ओर जबान पर नीलापन दिखाई देता था। परन्तु हम गरीब लोग तो जानकारी नही थी कि इसको क्या बीमारी है और ना ही इतने पैसे थे कि कही इसका जांच करवा सके। परन्तु हमे हमारे वार्ड के पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार के माध्यम से हमे आरबीएसके योजना की जानकारी मिली कि इस योजना में जीरो से 18 वर्ष के बच्चों का निशुल्क उपचार सरकार द्वारा करवाया जाता है। वही इस आरबीएसके टीम की डॉक्टर अर्चना रघुवंशी स्वयं चलकर हमारी झोपड़ी में चलकर आई और बच्चे की जांच वगेरा की जिसमे उन्होंने बताया कि आपके बच्चे को हार्ड में प्रॉब्लम है इसकी जांच के लिए आपको इसकी जांच और ईको आदि करवाना होगा। जिसका खर्चा सरकार उठाएगी आपके लिए ये निशुल्क होगा। वहां के हृदय चिकित्सक जो सलाह देंगे उस उपचार में स्वास्थ्य विभाग आपकी पूरी मदद करेगा।

आरबीएसके की डॉक्टर अर्चना रघुवंशी ने इस संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि साढे चार साल से भी मासूम शिवराज दिल की बीमारी से पीड़ित था। जिसका स्वास्थ्य विभाग ने सरकार की ओर से इसका मुफ्त इलाज करवाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना उक्त बच्चे के लिए वरदान साबित हुई। हमारा लक्ष्य भी यही है जो हम तक नही पहुँच पाते हम उस तक पहुँच कर इस योजना का लाभ दिलवाकर पीड़ित बच्चों की जान बचाये। क्योंकि दिल की बीमारी का उपचार ओर ऑपरेशन में लाखों रुपये खर्च आता है जो अधिकांश लोग नही उठा पाते है।

ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम (आरबीएसके) स्कीम के अंतर्गत कोरोना वायरस महामारी के बावजूद भी हरगुण का फोर्टिस अस्पताल मोहाली से दिल के छेद का सफल आपरेशन करवाया गया। इस आपरेशन के बाद बच्ची को नई जिंदगी मिली है।

सिविल अस्पताल सुसनेर में कार्यरत डा. अर्चना रघुवंशी आगे ने बताया कि उक्त 4 साल 5 महीने की बच्चे शिवराज के दिल में छेद था, जिस कारण उसकी प्राथमिक रिपोर्ट करवाई गई। फिर उसका इंदौर के अपोलो अस्पताल में आपरेशन के लिए भेजा गया। आपरेशन का खर्चा आरबीएसके के अंतर्गत सरकार की तरफ से किया गया है व मरीज के परिवार को कोई खर्च नहीं उठाना पड़ा है। बच्ची के पिता नाहर सिंह एवं माता गुर्जरबाई ने खुशी जाहिर की है व प्रशासन का आभार जताया है।

आरबीएसके के जिला स्वास्थ्य विभाग आगर के आरबीएसके के डीआईसी मैनेजर मांगूसिंह पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम राज्य सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें आंगनबाड़ी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में रजिस्टर्ड 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का इलाज मुफ्त में किया जाता है। प्रोग्राम के अंतर्गत जन्म जात बीमारियां, दिल की बीमारियां, मंदबुद्धि, बोलने में देरी, दांतों की बीमारियां, टेड़े पैर, रीढ़ की हड्डी में सूजन समेत 31 बीमारियों का इलाज मुफ्त में किया जाता है। इसके इलावा बड़े आपरेशनों के लिए मध्यप्रदेश एवं देश के बड़े सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है।

चित्र = सुसनेर के बेघरबार बस्ती के गरीब बच्चे शिवराज को आरबीएसके योजना से मिली नई जिंदगी।

## प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का रिज़वी ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन ने किया शुभारंभ

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी, केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी।** जनपद के करारी स्थित छपराबाग मैदान में आयोजित करारी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को रिज़्वी एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन उर्फ रशीद रिज़्वी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान वालिद एकादश करारी व जेबा क्रिकेट क्लब मंझनपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें वालिद एकादश ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया । इस दौरान नगर पंचायत करारी के नगर अध्यक्ष शमशाद बख्श,रिजवी डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडे,डॉक्टर नईम, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे

## उप निरीक्षक से निरीक्षक बने सियाकांत चौरसिया, एसपी ने स्टार लगाकर किया प्रमोशन

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी, केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी।** कौशाम्बी जनपद के पिपरी थाना अंतर्गत मखदूमपुर चौकी में प्रभारी के रूप में कार्यरत उप निरीक्षक सियाकांत चौरसिया को निरीक्षक के पद पर किया गया है।बुधवार की सुबह एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने उन्हें कार्यालय बुलाकर स्टार लगाया और उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। साथ ही बधाई दिए हैं।सियाकांत चौरसिया मूल रूप से प्रदेश के गाजीपुर जनपद से विलान करते हैं। इसके पूर्व सियाकांत चौरसिया बनारस, गोरखपुर, प्रतापगढ़ ,इलाहाबाद में सेवा दे चुके हैं। इसके साथ ही वह कौशांबी जनपद के कई थाना एवं चौकिया में सेवा दिए हैं।

## तेज रफ्तार वैगनार कार पेड़ से टकराई,हुआ भीषण हादसा,कार सवार चार लोग हुए घायल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**एटा** जनपद के मिरहची थाना क्षेत्र के कासगंज रोड पर सवारियों से भरी वैगन आर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।हादसे में कार सवार चार लोग घायल हुए हैं।घटना के बाद चीखपुकार मच गई आस पास के लोगों सूचना मिरहची थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एटा स्थित मेडिकल कालजे में भर्ती करवाया है।जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग जयपुर से बदायूं वापस जा रहे थे।हादसे सोन पुत्री सोनू,अंजलि पत्नी सोनू, किंजी पुत्री सोनू, सोनू पुत्र रामशंकर वार्ष्णेय घायल हुए है ।घायलों को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया जहां सभी का उपचार चल रहा है।मामले पर थाना प्रभारी नीता माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार शादी समारोह वापस बदायूं लौट रहा था।तभी अचानक कार चालक की आंख लग गई जिसकी वजह से गाड़ी पेड़ से टकरा गई।कार में सवार चार लोग घायल हो गए।हादसे में एक एक गंभीर रूप से घायल हुआ है तीन घायलों का एटा स्थित मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

## जिलाधिकारी औरैया ने गुंडा एक्ट के तहत 6 लोगो पर की कार्यवाही

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया ।** जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 06 लोगों को जिला बदर करने का फरमान जारी किया है। जिसमें जिला बदर किये गये अपराधियों में राजेंद्र सिंह पुत्र बालक राम निवासी डेरा अघारा थाना सहायल, विनय कुमार पुत्र रज्जन बाबू निवासी अमौहार थाना दिबियापुर, मुमताज अली पुत्र मेहंदी हसन निवासी परसू थाना सहायल, महताब सिंह राजपूत पुत्र छोटेलाल निवासी मोहल्ला इंद्रानगर थाना कोतवाली औरैया, जगत सिंह पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल निवासी इंद्रानगर थाना कोतवाली औरैया, अवधेश पुत्र छोटेलाल निवासी देवहरा थाना एरवाकटरा को गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर करने का फरमान जारी किया है। इन सभी अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में 06 माह तक प्रवेश न करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष का पीए बताकर तबादले का फोन करने वाला जालसाज गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्नी (शिक्षिका) का स्थानान्तरण करने को फोन पर धमकी देने वाला फर्जी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष के पीए को थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीआईजी/एसएसपी शैलेश पांड़े ने बताया कि 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र के निजी सचिव बंसत लाल शर्मा ने थाना सदर बाजार में लिखित तहरीर दी थी।

तहरीर के अनुसार अज्ञात युवक ने दो मोबाईल फोन नंबर से अपने आप को ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष का निजी सचिव बताकर जिला विद्यालय निरीक्षक फोन करके स्वयं की पत्नी (शिक्षिका) का स्थानान्तरण करने को धमकी दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार ने रिर्पोट दर्ज कर सर्विलांस की मदद से धमकी देने वाला श्याम नरेश शर्मा पुत्र स्व. अनन्त कुमार शर्मा निवासी 09 राजीव भवन के सामने वाली गली 32 सिविल लाइन्स थाना सदर बाजार को ईगल ग्राउण्ड से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया जाता है इस जालसाज ने नगर आयुक्त शशांक चौधरी को भी किसी काम के लिए किया था फोन।

## मथुरा आज मंडी सचिव पंकज शर्मा भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने मथुरा मंडी का निरीक्षण किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा आज से 3 माह पहले मथुरा मंडी समिति में किसानों के अनाज रखने के लिए टिन सेट की व्यवस्था व किसानों के रोकने के लिए स्वागत भवन खुलवाने की मांग के लिए धरना प्रदर्शन हुआ था लेकिन प्लेटफार्म खाली नहीं हुआ था सिर्फ स्वागत भवन के ताले खोले गए थे लेकिन उसको भी बंद कर दिया गया था आज किसानो की जीत हुई है नव नियुक्त मंडी सचिव पंकज शर्मा जी ने पांच नंबर प्लेटफॉर्म खाली कराकर किसानों के अनाज रखने के लिए प्रस्तावित किया गया है स्वागत भवन का भी ताला मंडी सचिव पंकज शर्मा भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी के सामने मंडी समिति के कर्मचारियों ने खोला राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा 5 नंबर प्लेटफार्म पर मथुरा जनपद के किसान अपना अनाज रख सकते हैं यह प्लेटफॉर्म सिर्फ किसानों के लिए है सिर्फ किसानों का अनाज ही रखा जाएगा

**मंडी समिति में बने स्वागत भवन का ताला :** खुलवाया और उसकी सफाई कराई अब 24 घंटे स्वागत भवन किसानों के रोकने के लिए खुला रहेगा स्वागत भवन में किसान रात में रोक सकते हैं पूर्व में स्वागत भवन में मंडी समिति के कर्मचारियों का ताला लगा हुआ था जिसको आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं ने किसान हित में खुलवा दिया मंडी सचिव पंकज शर्मा ने कहा किसानों की सुविधा के लिए स्वागत भवन खोला गया है अब स्वागत भवन निरंतर खुला रहेगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुनील चौधरी जनसेवक किसान नेता तनवीर कुरेशी किसान नेता फैजान कुरैशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## भूमाफियाओं को किसका मिल रहा संरक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव




**प्रयागराज।** जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन की अनदेखी से अवैध प्रापर्टी डीलरों की सक्रियता बढ़ी और जमकर धन कमाया जा रहा है।नियम कायदे कानून क्या हैं उससे अवैध प्रॉपर्टी डीलरों का दूर-दूर तक न कोई वास्ता न कोई सरोकार।बताते चलें कि रेरा (रियल स्टेट रेगुलेशन अथॉरिटी) प्रॉपर्टी डीलरों पर शिकंजा कसने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं साथ ही विनियमित क्षेत्र के नियम प्राधिकारी सिर्फ जांच की जा रही आदि बातें बता कर अपना पल्ला झाड़ने का काम करते हैं। जबकि विनियमित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का आवासीय या व्यवसायिक भवन निर्माण कराने से पहले नियत प्राधिकारी कार्यालय से मानचित्र नक्शा पास कराना अनिवार्य है नियत प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी भवन निर्माण पूर्णतया अवैध माना जाता है। सूत्रों की मानें तो बिना तलपट मानचित्र (लेआउट प्लान) स्वीकृत कराए प्लाटिंग कर रहे हैं इतना ही नहीं रियल स्टेट रेगुलेशन अथॉरिटी (रेरा) में भी उनका पंजीकरण कराया गया है या नहीं यह जांच का विषय है। सच्चाई यह है कि ना कोई जिम्मेदारी ना कोई मानक सिर्फ एक विभाग है धन कमाऊ विभाग। इस विभाग में सारे काम हो जाते हैं इन प्रॉपर्टी डीलरों का सारा काम इनकी काली कमाई करा देती है।पूरे क्षेत्र में प्रापर्टी डीलरों की प्लाटिंग हो रही है कंगूरे लटक रहे हैं, सफेद चुने से पुते हुए हैं, बड़े-बड़े बोर्ड लगे हुए हैं प्लाट बिकाऊ है। लेकिन इन जिम्मेदारों को यह नहीं दिखाई देता कि उसमें कहां बिजली का खंभा लगा हुआ है , कहां बच्चों का पार्क है, कहां नालियां हैं, कहां रोड बनाया गया है, उसमें कहां मानकों का प्रयोग किया गया है लेकिन दौलत रूपी चश्मे के आगे यह सब दिखाई नहीं देता है।भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार करेंगे, भूमाफिया जमीनों पर कब्जा करेंगे ,फरियादी दौड़ेंगे मगर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी इसी तरह से निर्वहन करते रहेंगे।

## महाविद्यालय में हुआ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ'

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली




**सुसनेर**/ स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के निर्देशन में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. व्ही. गुप्ता, आदिश कुमार जैन एवं आकांक्षा श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।उपस्थित छात्र-छात्राओं को डॉक्टर गुप्ता ने तीन दिवसीय इस वार्षिकोत्सव में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात साइबर सुरक्षा विषय तात्कालिक भाषण तथा बालिकाओं के अधिकार: प्राचीन एवं वर्तमान परिदृश्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।भाषण में भेरू सिंह आर्य प्रथम, ईश्वर सिंह सिसोदिया द्वितीय एवं हर्षा हाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध में काशवी खान प्रथम,हर्षा हाड़ा द्वितीय तथा ईश्वर सिंह सिसोदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन डॉ.कमल जटिया ने किया। निर्णायक आरती नगर, रमेश जमरा एवं मुकेश कुमार दांगी थे। इस अवसर पर रामकुमार अंजरिया, राजकमल नर्गेश,डॉ. रेखा चंद्रपाल,सीमा मुवेल,काशीराम प्रजापति एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

## कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फार गर्ल्स के अंतर्गत जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेला का जिलाधिकारी ने फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ



विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**औरैया ।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अजीतमल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फार गर्ल्स के अंतर्गत जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेला का शुभारंभ फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने कैरियर के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को अपनी क्षमताओं और रुचि के अनुसार निर्णय लेकर कैरियर चयन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले बच्चों को सफलता जरूर मिलती है और सिविल सर्विसेज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों में सकारात्मकता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर कैरियर गाइडेंस मेला में डा. नीरा सिंह , डॉ. जीविका रस्तोगी डॉक्टर निधि अवस्थी, शोभित द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने कैरियर संबंधी सवालों के जवाब प्राप्त किए। यह मेला छात्र-छात्राओं को अपने कैरियर के बारे में जानकारी प्रदान करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत अवस्थी ने किया। कैरियर गाइडेंस मेला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा संबंधी स्टाल भी लगाये गये, जिनका जिलाधिकारी ने अवलोकन करते हुए छात्र - छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अच्छा कार्य करने वाले छात्र- छात्राओं एवं व्याख्याता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल हरिश्चंद्र, प्राचार्य जिला शिक्षा शिक्षण संस्थान व डीआईओएस जीएस राजपूत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सहित संबंधित अधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे?।

## डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय मुरलीगंज में पढ़ाई कर रही 8 वर्षीय छात्रा की संदेहास्पद मौत से परिजनों में मचा कोहराम



**मधेपुरा।** घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अंचल कार्यालय के समीप करोड़ों की लागत से बने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का है, जहां एक छात्रा की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया गया कि सोमवार को करीब डेढ बजे एक छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर शिक्षको द्वारा इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्युटी पर मौजूद डॉक्टर मुकेश कुमार पाण्डेय ने छात्रा की जांचोपरांत गंभीर स्थिति को देख तत्काल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से मधेपुरा सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में उक्त छात्रा की मौत हो गई है। हालांकि इस दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के एचएम और अन्य शिक्षको से लगातार प्रयास के बावजूद संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु कटाए गए पर्ची के अनुसार मृतिका छात्रा प्रकाश ऋषिदेव की पुत्री सपना कुमारी (8) वर्षीय है।

मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी राम कृपाल प्रसाद ने कहा अभी व्यस्त हूं, बाद में बात करते हैं। ओर फोन कट कर दिया।

वही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा सूचना मिली कि अंबेदकर आवासीय विद्यालय के एक छात्रा की मौत हुई है। सूचना के आधार पर शव की पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हालांकि उन्होंने बताया कि मामले में कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के उपरांत करवाई की जाएगी।

## स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव नयाबास मिनी बैंक में लाखों का घोटाला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विक्रम बाली



बुलंदशहर के स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव नयाबास में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है। यह घोटाला मिनी ब्रांच के संचालक ने किया है,घोटाला लाखों रुपयों का है। स्टेट बैंक की मिनी शाखा के संचालक पर ग्रामीणों के खातों में फर्जी एंट्री कर लाखों रुपए की हेरा फेरी का आरोप लगा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मिनी ब्रांच को बंद कर दिया है और संचालक का लाइसेंस रद्द कर दिया है शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ित ग्रामीणों की शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लिया गया है घोटाला की जांच के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है।बैंक प्रशासन 6 फरवरी को गांव में एक विशेष कैंप का आयोजन करेगा जहां ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनके खातों की विस्तृत जांच की जाएगी। पीड़ित खाता धारक ग्रामीणों का आरोप है कि मिनी ब्रांच संचालक ने उनकी पासबुक में फर्जी एंट्री करके उनके खातों से अवैध तरीके से पैसे निकाल लिए।इस मामले में दर्जनों पीड़ित ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और संचालक के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। बैंक प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिन ग्रामीणों का पैसा गबन हुआ है उन्हें जल्द से जल्द वापस कराया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।